C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol. XXIII, Eleventh Session, 2017/1938 (Saka)
No. 15, Tuesday, March 21, 2017/Phalguna 30, 1938 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 261 to 265	9-54
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 266 to 280	55-121
Unstarred Question Nos. 2991 to 3220	122-662

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 663-669

STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS
33rd Report 669

STANDING COMMITTEE ON HOME AFFAIRS
202nd Report 670

STANDING COMMITTEE ON HUMAN RESOUCE DEVELOPMENT
286th to 290th Reports 670

STATEMENTS BY MINISTERS
(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 23rd Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2016-17) pertaining to the Ministry of Food Processing Industries

Sadhvi Niranjan Jyoti 671

(ii)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 21st Report of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers on Demands for Grants (2016-17) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers

(ii)(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers on Demands for Grants (2015-16) pertaining to the Department of Pharmaceuticals, Ministry of Chemicals and Fertilizers

Shri Mansukh L. Mandaviya 671-672

SUBMISSION BY MEMBER
Re: Need to direct NAFED to purchase more amount of Tur pulse 693-694, 697

MATTERS UNDER RULE 377 708-737

(i) Need to expedite gauge conversion of railway lines from Raxual to Narkatiaganj and Narkatiaganj to Bhiknathori in Valmikinagar Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Satish Chandra Dubey 709

(ii) Need to take measures for welfare of potato growers

Shri Mukesh Rajput 710

(iii) Need to provide interest-free loan to unemployed persons for setting up small scale industries under 'Stand up India' scheme in Lalganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shrimati Neelam Sonker 711

(iv) Need to provide LPG connections to all the eligible BPL households under Pradhan Mantri Ujjwala Yojana.

Shri Ganesh Singh 712

(v) Need to provide all the necessary facilities in Ambala having tremendous potential of becoming economic hub of the country

Shri Rattan Lal Kataria 713

(vi) Regarding registration of Hybrid/ Electronic Cars

Shri Devusinh Chauhan 714

(vii) Need to ensure proper implementation of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana

Shri Rodmal Nagar 715

(viii) Need to develop Raja Bali Garh and Nau Lakha Temple in Madhubani district, Bihar as a tourist place

Shri Birendra Kumar Chaudhary 716

(ix) Regarding effective implementation of Mid-day meal scheme

Shrimati Meenakashi Lekhi 717

(x) Need to provide full share of water due to Rajasthan from Punjab and nominate a member from Rajasthan in Bhakra Beas Management Board

Shri Nihal Chand 718

(xi) Need to set up a Water Testing Laboratory and Environmental Information System in Meerut, Uttar Pradesh

Shri Rajendra Agrawal 719

(xii) Need to provide wages to journalists as per the recommendations of Majithia Wage Board

Shri Ravindra Kumar Ray 720

(xiii) Need to constitute a new Wage Board for Media after modifying its terms of reference

Prof. K. V. Thomas 721

(xiv) Need to extend repayment period of loans by farmers

Shri M. I. Shanavas 722

(xv) Need to monitor the residential schools in the country

Shri S.P. Muddahanume Gowda 723

(xvi) Need to make amendments in the MoU regarding Chennai Metro Rail Project

Shri S. R. Vijaya Kumar 724-725

(xvii) Need to provide financial assistance to Tamil Nadu affected by heavy rains and cyclone

Shri G. Hari 726-727

(xviii) Need to undertake dredging of river Matla and its tributaries in West Bengal

Shrimati Pratima Mondal 728

(xix) Regarding rise in encounters against militants in Jammu and Kashmir

Prof. Saugata Roy 729

(xx) Need to construct railway line between Kantabanji & Khariar, Odisha

Shri Arka Keshari Deo 730

(xxi) Need to grant Rs 3 crore annually to each Member of Parliament for construction of toilets in city area of his/her constituency

Shri Gajanan Kirtikar 731

(xxii) Need to revamp healthcare and education facilities in rural India

Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu 732-733

(xxiii) Need to extend Mid-day meal scheme to students of 10+2 course

Shri Kotha Prabhakar Reddy 734

(xxiv) Regarding fuel surcharge or transaction fee levied by banks on customers

Shri P. K. Biju 735

(xxv) Need to provide funds for construction of an auditorium in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh

Kunwar Haribansh Singh 736

(xxvi) Need to enact a law legitimizing bull race in rural areas of the country

Shri Raju Shetty 737

FINANCE BILL, 2017 738-854

Motion to Consider 738
Shri N.K. Premachandran 738-746
Shri Arun Jaitley 746-752
Shri Deepender Singh Hooda 753-767
Shri Rakesh Singh 768-784
Shri M. Chandrakasi 785-789
Prof. Saugata Roy 790-799
Shri Tathagata Satpathy 800-807
Shri Gajanan Kirtikar 808-810
Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu 811-818
Yogi Adityanath 819-826
Shrimati Kavitha Kalvakuntla 827-834
Shri Md. Badarudozza Khan 835-838
Shri Mekapati Raja Mohan Reddy 839-843
Shrimati K. Maragatham 844-848
Shri Prem Singh Chandumajra 849-852
Shri Nishikant Dubey 853-854

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 855
Member-wise Index to Unstarred Questions 856-861

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 862
Ministry-wise Index to Unstarred Questio 863-864

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Tuesday, March 21, 2017/Phalguna 30, 1938 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Hon. Speaker: Now Question Hour, Question No. 261, Shri Uday Pratap Singh.

(Q.261)

श्री उदय प्रताप सिंह : माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर प्रश्न पूछने का अवसर दिया। जो भ्रामक विज्ञापन टीवी, अखबार, इंटरनेट और सोशल मीडिया में आते हैं, उसके ऊपर माननीय मंत्री जी ने विस्तार से जवाब दिया है। मैंने उनका जवाब विस्तार से पढ़ा है। उसमें समय के साथ बहुत सी चीजें बदली हैं, लेकिन इन सब के पीछे जो कानून काम कर रहा है, वह वर्ष 1986 का है। इस कानून में वर्ष 1995 में आंशिक संशोधन किया गया था। इन 20-21 वर्षों में दुनिया में तेजी से बदलाव आया है, खासकर सोशल मीडिया और टेलीविजन के क्षेत्र में, लेकिन हमें भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के मामले में कानूनी की उतनी मदद नहीं मिली है।

हमारी जो एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया है, वह इस पर निगरानी और देखरेख का काम करती है। इन्होंने वर्ष 2015 में 230 इस तरह के विज्ञापन उठाए जो कि प्रथम दृष्टि से भ्रामक थे। 185 भ्रामक विज्ञापनों के जांच के बाद उन्होंने यह माना कि इस तरह के विज्ञापन नहीं चलने चाहिए, इन पर रोक लगनी चाहिए। इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियाँ जैसे, लॉरियल, एच.यू.एल. एअरटेल और गोदरेज आदि हैं।

इस देश का जो आम आदमी समझदार है, वह जान सकता है, वह इन भ्रामक विज्ञापनों को समझ सकता है, लेकिन जो आम आदमी है, जिसको लगता है कि वह इस क्रीम को लगाने से गोरा हो जाएगा, इसको खाने से उसका पेट तुरंत ठीक हो जाएगा। आजकल बालों की समस्या तो एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या है। इस प्रकार की कंपनियाँ कहती है कि इस दवा से आपके बाल तुरंत निकलना शुरू हो जाएंगे। जब तक वह आदमी समझ पाता है, तब तक तो हजारों करोड़ों रूपये का व्यवसाय इस देश-दुनिया में हो जाता है। मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या मंत्रालय इस तरह के विज्ञापन देने वालों के विरूद्ध, इसमें जो सेलेब्रिटिज़ इंवल्व रहते हैं, ये सेलेब्रेट्रिज़ तो हमारे आईकॉन होते हैं। कई सेलेब्रेटिज़ तो ऐसे हैं, जिनको हम लोग आदर्श भी मानते हैं। जब वे कहते हैं कि इस दवा के लगने से बाल उग आएंगे, तो हमें ऐसा लगता है कि इस तरह की दवा का एक बार प्रयोग करना चाहिए। एक-एक बार के प्रयोग से हजारों-करोड़ों रूपये के व्यवसाय हो जाता है।

एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया (ए.एस.सी.आई.) है, जो विज्ञापनों की देखरेख का काम करती है। मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या मंत्रालय आने वाले समय में इसको ताकत

देने का काम करेगा और जो भ्रामक विज्ञापन पकड़ में आए थे, उन पर कितना आर्थिक दंड किया गया है? मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं।

श्री रामविलास पासवान : अध्यक्ष जी, यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। जो मिसलीडिंग एडवरटाइजमेंट है और जो भ्रामक विज्ञापन का सवाल है, यह बहुत ही गंभीर है। भ्रामक विज्ञापन या प्रचार होते हैं, वे चार तरह के होते हैं। एक, जो निर्माता है, बनाने वाला है, वह सामान भीतर कुछ रखता है, बाहर कुछ लिखता है। दूसरा, जो सेलिब्रिटीज हैं, जिनके संबंध में आपने कहा कि जो उसका विज्ञापन करता है कि आप रिवाइटल खा लो, पहलवान बन जाओगे, तीन दिन में बाल उगा लो, चार दिन में वजन बढ़ा लो, इस तरह के विज्ञापन का सवाल आता है। तीसरा, उसमें विज्ञापन देने वाला पेपर या टेलीविजन होता है और चौथा, उसमें मिलावट या डुप्लीकेट सामान होते हैं।

अध्यक्ष जी, अलग-अलग कानून बने हुए हैं। जो ड्रग्स का मामला है, ड्रग्स और मैजिक रेमेडीज का मामला है। हमने अपने जवाब में दिया है कि वह हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत आता है। इसका 1954 का कानून बना हुआ है। आपने सही कहा कि आज हम 2017 में हैं और कानून 1954 और 1986 का है, हमारा जो कानून बना हुआ है, वह 1986 का है, हम उस पर आते हैं। जो ड्रग्स और मैजिक रेमेडीज एक्ट है, वह हेल्थ डिपार्टमेंट का है। उसमें जो सजा है, वह पहली बार 6 महीने की जेल और जुर्माना और दूसरी बार 1 एक साल जेल और जुर्माना, यदि वही करता है।

जो खाद्य सुरक्षा (एफ.एस.एस.आई.) कानून है, अधिनियम है, उसमें यदि कोई खाने के सामान में मिसलीडिंग करता है, तो एफएसएसएआई के अंतर्गत वह हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत आता है और उसमें 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। तीसरा, सिगरेट और अन्य तंबाकू अधिनियम है, वह भी हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत है, जो 2003 का है। उसमें पहली बार दो साल की जेल और एक हजार रुपये जुर्माना, दूसरी बार में पांच साल की जेल या 5 हजार रुपये जुर्माना है। हमारा जो कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट, 1986 का है, उसमें कंज्यूमर सिर्फ कंज्यूमर कोर्ट के पास शिकायत कर सकता था। हमको डायरेक्ट एक्शन लेने का अधिकार उसमें नहीं है। सिर्फ इतना ही है कि हमारे कंज्यूमर कोर्ट में जाता है, और कोर्ट कहता है कि विज्ञापन हटा दो, और उचित कॉस्ट दो। आपने जो सिटी एंड केबल नेटवर्क कहा, वह 1995 का है। उसमें दो तरह के प्रावधान हैं। उसमें जो कानून है, वह आईपीसी से ज्यादा गवर्न होता है, जिसमें मूलबंध, जाति के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकता है। देश की नेशनल सिक्योरिटी है, सुरक्षा है, उसके साथ में खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

जो कंज्यूमर प्रोटक्शन 1986 का था, इसको 30 साल हो गए थे और नयी-नयी चीजें, ई-कामर्स आ गया। हम लोगों ने महसूस किया कि कंज्यूमर्स एक्ट को संशोधन करना चाहिए। संशोधन करने के बाद, उसको हम लोगों ने 2015 में इस सदन में लाने का काम किया। वर्ष 2015 में जब यह आया तो उसे स्टैंडिंग कमेटी के पास भेज दिया गया। स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भेजी है। जो 2015 का एक्ट है, हमें लगा कि वह इतना इफेक्टिव नहीं है और जो संसदीय समिति ने रिपोर्ट दी है, वह काफी अच्छी रिपोर्ट है। हालांकि, उसमें बहत ही कड़े कदम भी हैं। सेलिब्रिटीज के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि पहली बार कोई सेलिब्रिटी गलत विज्ञापन करता है, तो उसको दो साल की जेल की सजा होनी चाहिए और दस लाख रुपये जुर्माना होना चाहिए। यदि दूसरी बार करता है तो पांच साल की जेल और कड़ा जुर्माना होना चाहिए। यह उन्होंने इसमें दिया है। उसमें इतने संशोधन हो गए थे, स्टैंडिंग कमेटी के बाद उसमें करीब 80 संशोधन हुए। फिर लीगल डिपार्टमेंट ने कहा कि कितनी बार मंत्री खड़े होंगे और कितनी बार बैठेंगे, इससे बढ़िया एक नया विधेयक आप ले आइए। हमने उनको मद्देनजर रखते हुए एक नया विधेयक बनाया है। वह विधेयक कैबिनेट में सर्कुलेट हो गया है। उस विधेयक में निर्माता के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है, सैलिब्रिटीज़ के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है, कितनी और क्या सजा होगी, वह कैबिनेट के बाद देखा जाएगा, पब्लिशर्स के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान रखा जाएगा। पहले इनडिविजुअल लोगों को न्याय मिलता था, उसके बदले हमने अथॉरिटी का प्रावधान रखा है, जिससे क्लास एक्शन हो सके। यदि किसी एक बोतल का पानी खराब है तो केवल उसी बोतल का पानी खराब नहीं है, बल्कि बाकी सब बोतलों का पानी खराब है। यदि एक इंजन खराब है, तो एक ही कार का इंजन खराब नहीं है, बल्कि सारे इंजन खराब हैं। कनज्यूमर को वस्तु खरीदने से पहले शिकायत करने का अधिकार रहेगा, खरीदने के बीच में रहेगा और खरीदने के बाद भी रहेगा। इसके लिए सबसे इफैक्टिव कनज्यूमर कोर्ट है जो तीन लैवल - डिस्ट्रिक्ट लैवल, स्टेट लैवल और नेशनल लैवल पर है। उसका काम भी बहुत सुस्त चल रहा था। हमने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करके उसे स्ट्रॉग करने का काम किया है। जैसे मैगी या और चीजें हैं, पहली बार ऐसे हुआ है कि नेशनल कनज्यूमर कोर्ट उसे देखने का काम कर रहा है।

मैं माननीय सदस्य की चिन्ता से सहमत हूं। सरकार इसके प्रति गंभीर है। चाहे सैलिब्रिटीज़ हों या निर्माता हों, जो भी फॉल्स विज्ञापन या मिसलीडिंग एडवर्टाइज़मैंट करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की व्यवस्था की जाएगी।

श्री उदय प्रताप सिंह : अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तार से प्रश्न का जवाब दिया है। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि विसंगति होने के बाद कानून अपना काम करता है। जिस तरह

फिल्म इंडस्ट्री में कोई फिल्म बनती है, तो उसे जारी करने से पहले सैंसर बोर्ड काम करता है और बहुत कम मात्रा में इस तरह होता है कि फिल्म आने के बाद किसी तरह की कोई आपत्ति या व्यवधान हो। चूंकि अभी हमने देखा कि दो कम्पनियों ने माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय राष्ट्रपति जी की फोटो के साथ अखबारों और टी.वी. में ऐड देना चालू कर दिया था। जब ए.एस.सी.आई ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई तो कानून में यह प्रावधान है कि उनका केवल 500 रुपये जुर्माना हो सकता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि जिस तरह सैंसर बोर्ड काम करता है और मंत्रालय की समिति द्वारा भी कड़े कानून का प्रावधान किया गया है, आर्थिक दंड भी है और जेल का प्रावधान भी है। मैं इससे सहमत हूं कि जेल के प्रावधान में थोड़ी कटौती की जा सकती है, लेकिन दंड के आर्थिक प्रावधान में कटौती करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ये मल्टी मिलिनियर्स हैं, बड़ी कम्पनियां काम करती हैं। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जैसे फिल्म सैंसर बोर्ड फिल्म से पहले काट-छांट करने का काम करता है, क्या आपके निर्देशन में हम विज्ञापन गुण-दोष विवेचन बोर्ड जैसा कोई मकैनिज़्म तय कर सकते हैं जिससे कोई चीज आने से पहले ही उस पर नियंत्रण कर सकें?

श्री रामविलास पासवान : अध्यक्षा जी, माननीय सदस्य मध्य प्रदेश से आते हैं। मध्य प्रदेश में ही अवदेश सिंह भदोरिया जी ने 2011 में मिसलीडिंग एडवर्टाइज़मैंट के संबंध में केस दर्ज किया था। उसमें हाई कोर्ट ने प्रैस काउंसिल ऑफ इंडिया को अपना पक्ष रखने को कहा और उनके सुझाव के अनुसार 2013 में तीन माह के अंदर सरकार से कहा कि प्रभावी कदम उठाएं। लेकिन तत्कालीन सरकार ने उस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया। नतीजा हुआ कि उन्होंने तीन महीने के बाद कोर्ट ऑफ कनटैम्प्ट किया। कोर्ट ऑफ कनटैम्प्ट के बाद हाई कोर्ट ने 2014 में कहा कि आप छ: सप्ताह के अंदर कमेटी बनाने का काम कीजिए। फरवरी, 2014 में एक निगरानी समिति बन गई जिसमें उपभोक्ता मंत्रालय, बीआईएस, आई एंड बी मिनिस्ट्री, प्रैस काउंसिल और अन्य संगठनों को भी जोड़ा गया। हमें खुशी है कि हमारी सरकार बनने के बाद 18.07.2014 को हमने बैठक की। अभी तक छ: बैठकें हो चुकी हैं। उसका मेन उद्देश्य भ्रामक प्रचार और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस की निगरानी करना और उसके संबंध में सुझाव देना, ऐप्रोप्रिएट लेजिस्लेटिव मैथड का पता लगाना और सुझाव देना है। संबंधित मंत्रालय को सुझाव देना, समस्या से संबंधित पहलुओं पर काम करना, इंटर मिनिस्ट्रियल निगरानी समिति काम कर रही है। आपने जो चिंता जताई है इस तरह के मामले उनके पास आते हैं। आपको जो आंकड़ा दिया गया है, यह वर्ष 2015 से है, उसके पहले का नहीं है। जब से हमारी सरकार बनी है, उसके बाद की कार्यवाही रिपोर्ट है। मैं फिर कहना चाहता हूं, मैंने इसको पसर्नली और सरकार ने भी इसे बहुत गंभीरता से लिया है। जहरीला खाद्य पदार्थ से आदमी का

जीवन चला जाता है, इसके लिए दस लाख रुपये का जुर्माना कोई जुर्माना नहीं है। ये सभी पुराने कानून बने हुए हैं, इसमें बदलाव की आवश्यकता है। जो नया कन्ज्यूमर राइट्स है, हमने हर देश से पता लगाया है कि फूड एडल्टरेशन एक अलग मुद्दा है, बाहर के देश में कोई नहीं जानता कि मिलावट क्या होती है। हम यहां सोच भी नहीं सकते कि मिलावट के बिना कोई चीज मिलती है, इसलिए यह गंभीर मामला है और हमने इसे गंभीरता से लिया है।

श्री सुनील कुमार मण्डल : अध्यक्ष महोदया, मैं यहां से बोलने की अनुमति चाहता हूं। सेलिब्रिटी और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के बारे में क्वेश्चन है। इस बारे में माननीय मिनिस्टर राम विलास पासवान जी के घर में हम सभी सदस्यों ने मिल कर भी की है। सेलिब्रिटी और प्रिंट मीडिया जो प्रोडक्ट करते हैं उसे जेल और जुर्माना होता है, सेलिब्रिटी और प्रिंट मीडिया को ज्यादा कठोर सजा नहीं होती है।

अध्यक्ष महोदया, देश में सरकारी कानून होने के बाद भी इन कानूनों को लागू करने में अनियमितताएं बरती जाती हैं। कुछ बेइमान लोग और भ्रष्ट अधिकारियों की मदद द्वारा सरकारी तंत्र को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश करते हैं। सरकार ने आईएसआई सोने का हॉलमार्क, बीएसआई मार्क, इन उत्पादों को सावधानीपूर्वक जांच के पश्चात् उन्हें प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कुछ दिशा-निर्देश पहले से जारी किए हैं, लेकिन यह देखा गया है कि दिशा-निर्देश के बाद भी सरकारी अधिकारियों और कुछ बेइमान व्यापारियों, एनजीओ द्वारा ठीक से पालन किए बिना पैसे के बलबूते पर प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेते हैं।

अध्यक्ष महोदया, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण समिति का सदस्य होने के नाते मैं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास बेईमान व्यापारियों के द्वारा किए जा रहे रोकथाम के लिए आईएसआई हॉलमार्क और बीआईएस मार्क के गलत उपयोग को रोकने के लिए कड़े कानून लागू करने के लिए कोई प्लॉन बनाना चाहते हैं। यदि हां तो योजना की रूपरेखा का विवरण क्या है? यदि नहीं है तो इस पर केन्द्र सरकार की क्या राय है?

श्री रामविलास पासवान : अध्यक्ष जी, मैंने पहले ही बताया कि खाद्य का मामला है, इसे अलग-अलग मंत्रालय डील करता है। हमारे मंत्रालय के पास जो अभी तक पॉवर थी, वह इतना ही थी कि जब कोई कंज्यूमर्स कोर्ट में जाता था तो कंज्यूमर कोर्ट जवाबदेही तय करके निर्णय लेती थी। हमने जो नया कानून पेश किया है उसमें कंज्यूमर्स प्रोटेक्शन ऑथेरिटी बनाया है और ऑथेरिटी को बहुत पॉवर दिया गया है, जिसके बारे में माननीय सदस्य ने कहा है। आपने हॉलमार्किंग के बारे में कहा है, इसके संबंध में भी बीआईएस बिल को पार्लियामेंट ने पास कर दिया है और अब वह एक्ट बन गया है। पहले हॉलमार्क मैनडेटरी नहीं था, लेकिन हम अब उसे मैनडेटरी करने जा रहे हैं। पहले 9 कैरेट सोना से लेकर 22 कैरेट

तक सोना होता था लेकिन किसी को पता ही नहीं चलता था वह 9 कैरेट का सोना खरीद रहा है या 22 कैरेट का खरीद रहा है और उससे पैसा वसूल किया जाता था। अब हमने कह दिया है कि केवल 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट रहेगा और वह भी लिखा रहेगा। इसके साथ-साथ कम्पनी का नाम भी लिखा रहेगा। पहले एक नम्बर होता था, जैसे 916 या कुछ और होता था, जिसके बारे में किसी को पता नही चलता था। इससे गरीब लोगों को बहुत परेशानी होती थी। आवश्यकता होने पर हॉल मार्किंग भी हम मेनडेटरी कर सकते हैं। जहां तक खाद्य पदार्थ का मामला है, तो हमारी मिनिस्ट्री, हैल्थ मिनिस्ट्री, आईएंडबी और बीआईएस आदि सब मिलकर इंटर मिनिस्ट्रियल कमेटी में हम सारी चीजों को देख रहे हैं।

SHRI K. ASHOK KUMAR : Hon. Speaker, thank you for giving me this opportunity.

The Central Council of Indian Medicine has received complaints that some Ayurvedic and Unani practitioners are putting hoardings and advertisements in various leading newspapers to mislead general public by claiming prevention or cure of various diseases like Cancer, Diabetes, heart diseases and infertility which is a clear violation as prescribed the Central Council of Indian Medicine.

Therefore, I would like to know from the hon. Minister as to what action is being taken by the Government in this regard.

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी.आर.चौधरी) : अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो चिंता जताई है, वह समय के अनुसार है। अब चाहे आयुर्वेद, यूनानी या सिद्धा की मेडिसन्स हों, उनके बारे में कई बार मिसलीडिंग एडवर्टाइजमैंट आते हैं, उन्के बारे में माननीय सदस्य की चिंता है।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके मार्फत माननीय सदस्य से विनम्र निवेदन है कि वर्ष 1954 में ड्रग्स एंड मैजिक रेमिडीज एक्ट बना है, यानी अतिशीघ्र या चमत्कारिक ढंग से दवाई देने के बाद कोई बीमारी ठीक हो जाती है, तो उसके ऊपर एक्ट के तहत ही प्रोविजन्स दिये हुए हैं। यह हैल्थ डिपार्टमैंट द्वारा डील किया जा रहा है और स्वास्थ्य विभाग इस पर चिंता कर रहा है। इसके अलावा अभी माननीय मंत्री जी ने कहा कि इंटर मिनिस्ट्रियल मौनीटरिंग कमेटी में हैल्थ विभाग, कन्ज्यूमर अफेसर्स के साथ-साथ सभी कन्सर्निंग डिपार्टमैंट्स के सीनियर अधिकारी बात करते हैं।

जहां पर इस प्रकार के मिसलीडिंग एडवर्टाइजमैंट्स की बात आती है, तो उस पर एक्शन लेने के लिए एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया को भेजा जाता है, ताकि वह देख ले कि एडवर्टाइजमैंट

गलत है या नहीं। यदि वे कहते हैं कि बिल्कुल गलत है, they are not in a comprising mood. उसके बाद गवर्नमैंट हमारे डिपार्टमैंट को भेजती है और we take action through that regulatory authority. जो संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी है, उसके मार्फत निदान कराया जाता है।

(Q.262)

श्री श्यामा चरण गुप्त : अध्यक्ष महोदया, क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार के सरकारी क्षेत्र के रूग्ण उपक्रमों की संरक्षा और बंद पड़े सरकारी उपक्रमों/औद्योगिक इकाइयों के पुनरुद्धार/जीर्णोद्धार के लिए कोई योजना या कार्य योजना है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इलाहाबाद में नैनी सहित उन औद्योगिक इकाइयों का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है, जहां पुनरुद्धार योजना कार्यान्वित की जा रही है?

श्री अनन्त गंगाराम गीते: अध्यक्षा जी, माननीय सदस्य ने यहां पर लगभग मूल प्रश्न का ही जिक्र किया है। मूल प्रश्न के सभी भागों के उत्तर लिखित रूप में दिये हुए हैं। लेकिन माननीय सदस्य ने विशेषकर नैनी के बारे में पूछा है, तो नैनी में हैवी इंडस्ट्री की तीन यूनिट्स हैं। यह सवाल लोक उद्यम विभाग से है, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय भी मेरे ही मंत्रालय के तहत आता है, उसमें से तीन उद्योग नैनी में हैं। इसमें एचसीएल की एक यूनिट है, जिसका हस्तांतरण हमने डिफेंस को किया है। उस हस्तांतरण का कार्य पूरा हो चुका है, इसलिए वह यूनिट डिफेंस द्वारा चलायी जायेगी। भारत पम्प्स एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड के बारे में डिसइन्वेस्टमैंट का प्रस्ताव है। उस दिशा में कार्रवाई आगे चल रही है। वहां स्ट्रक्चरल इंडिया लिमिटेड के लिए मामला न्यायालय में लम्बित है, इसलिए उस दिशा में कोई निर्णय नहीं किया गया है।

श्री श्यामा चरण गुप्त : महोदया, इलाहाबाद के नैनी सहित अन्यत्र स्थित रुग्ण एवं बन्द पड़े सरकारी उपक्रमों एवं औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत कामगारों को आजीविका उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है? क्या उक्त इकाईयों में कार्यरत कामगारों के बढ़ते बकाए का भुगतान न होने से उनमें असंतोष है? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा सुधार के क्या उपाय किए जा रहे हैं?

श्री अनन्त गंगाराम गीते: अध्यक्ष जी, जो कई वर्षों से बीमार उद्योग हैं, जो मेरे विभाग से संबंधित हैं, मैं उनके बारे में यहां पर जवाब दूंगा। सभी लोक उद्यम अलग-अलग मंत्रालयों के तहत आते हैं और भिन्न-भिन्न मंत्रालय इस दिशा में अपने निर्णय लेते हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले उद्योगों की सूची मैंने लिखित उत्तर में दी है। कुल ऐसे आठ उद्यम हैं, उनकी जानकारी लिखित रूप में मैंने दी है। उनको बन्द करते समय वीआरएस का एक अच्छा पैकेज देने का हमने निर्णय लिया है, इसलिए कर्मचारियों के बीच में कोई नाराजगी नहीं है। इन उद्यमों में कर्मचारी वर्ष 1997 की पे-स्केल्स पर नौकरी कर रहे थे, अब उनको हम वर्ष 2007 की पे-स्केल्स के आधार पर वीआरएस दे रहे हैं। इस तरह से हम उनको एक अच्छा पैकेज दे रहे हैं, इसलिए उनमें कोई नाराजगी नहीं है। जो कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें कहीं और रोजगार मिले, उनको हम प्रशिक्षण देने का काम भी करते हैं और उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाते हैं।

श्री गौरव गोगोई : अध्यक्ष महोदया, पीएसयूज का एक सामाजिक दायित्व होता है कि वे रोजगार देते हैं और उन जगहों पर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं, जहां पर निजी कंपनीज नहीं जाती हैं। पंडित नेहरू ने कहा था कि ये पीएसयूज आधुनिक भारत के मन्दिर हैं। पीएसयूज के रिफार्म्स के लिए वर्ष 2011 में रूंगटा कमेटी बनी थी। लगभग 50 पीएसयूज को कैसे रिफार्म किया जाए और उससे सबक सीखकर पूरे देश के सिक एंड क्लोज्ड पीएसयूज को कैसे रिफार्म कर सकते हैं, उसके बारे में उसने पूरी रणनीति बनाई है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि रूंगटा कमेटी की रिपोर्ट अब आपके पास है, क्या आप उस पर विचार करेंगे? उसके अनुसार असम में जो हिन्दुस्तान पेपर मिल है, जो कछार और नौगांव डिस्ट्रिक्ट्स में बहुत महत्वपूर्ण पेपर मिल है, जिससे वहां बहुत से लोगों को रोजगार मिलता है, उसके रिवाइवल के लिए क्या आप एक स्पेशल पैकेज देंगे?

श्री अनन्त गंगाराम गीते: अध्यक्ष जी, रूंगटा कमेटी की रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर अमल करने का हम प्रयास कर रहे हैं। माननीय सदस्य असम से आते हैं। असम में हमारा लोक उद्यम हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लिमिटेड है, जिसकी दो यूनिट्स कछार और नौगांव में हैं। उसके रिवाइवल का पैकेज हमने बनाया है और उसे कैबिनेट में प्रजेंट किया है। जल्दी ही वह रिवाइवल पैकेज कैबिनेट से एप्रूव हो जाएगा।

SHRI M.B. RAJESH : Madam Speaker, I want to thank both the Union Government and the Government of Kerala for helping to save the Instrumentation Limited, Palakkad. It is a profit-making PSU but there are some uncertainties and delay related to the package as to who will bear the liability of Rs. 40 crore towards salary dues.

Will the hon. Minister assure this august House, in order to expedite the handing-over of IL, Palakkad, that the Government will take up the responsibility of the liability of Rs. 40 crore and expedite the matter?

श्री अनन्त गंगाराम गीते: अध्यक्ष जी, इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की दो यूनिट्स हैं - कोटा और पालाकाड। इनमें से कोटा यूनिट बन्द करने का हमने निर्णय किया है। पालाकाड यूनिट के लिए मैं केरल की राज्य सरकार को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने इस यूनिट को टेक-ओवर करने का निर्णय लिया है। इस बारे में चर्चा चल रही है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री जी से चर्चा करके, राज्य सरकार से चर्चा करके हम इस बारे में सही समाधान निकालेंगे।

SHRI ANIL SHIROLE : Hon. Speaker, I want to ask the hon. Minister, through you, as to what steps have been taken by the Government to revive the Hindustan Antibiotics in Pune district and the result thereof.

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, यह विषय सीधे मेरे मंत्रालय से जुड़ा हुआ नहीं है। लोक उद्यम के नाते हिन्दुस्तान एंटीबायटिक्स मेरे पास आता है, लेकिन यह मामला एक अलग मंत्रालय कैमिकल एंड फर्टिलाइजर्स से जुड़ा हुआ है। मैं यह सवाल उनको रैफर कर देता हूं।

श्री अरविंद सावंत : माननीय अध्यक्ष जी, मुझे नहीं लगता कि माननीय मंत्री महोदय जी के पास समाधान होगा, क्योंकि जब ये लोक उद्यम बंद होते हैं, यह ठीक है कि वी.आर.एस. देते हैं, अब उसकी जमीन में एनक्रोचमेंट होता होगा। उस भूमि का हम क्या करते हैं, पता नहीं है। क्या उसके कुछ एसैट्स को हम इस्तेमाल करते हैं या नहीं करते हैं और उसके भी आगे जाकर मैं यह पूछना चाहता हूं कि जो पब्लिक सैक्टर यूनिट्स आज घाटे में हैं, उनमें दो चीजें होती हैं कि वे कुछ गलत नीतियों की वजह से, जैसे पूर्व की सरकार की गलत नीतियों की वजह से बी.एस.एन.एल और एम.टी.एन.एल. घाटे में हैं, ये सरकार की गलत नीतियों की वजह से ही घाटे में गई हैं। जिस उद्योग से आपको बहुत सारा लाभ मिल रहा है, Some huge profit making units are there. क्या उसकी राशि से जो पब्लिक सैक्टर रिवाइव कर सकते हैं, उनको कुछ राशि बिना ब्याज के देकर क्या उनका पुनरुद्धार करने की कोशिश सरकार कर सकती है ? इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहता हूं कि उस भूमि में जो कंपनियां बंद पड़ी हुई हैं, उनमें एनक्रोचमेंट रोकने के बाद उसकी प्रोपर्टी से क्या पैसा मिलता है या नहीं मिलता है?

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, मैं सदस्य की पहली बात से पूरी तरह से सहमत हूं। भारी उद्योग मंत्री होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि यदि कोई उद्योग बंद होता है तो उसका आनंद होना बिल्कुल स्वाभाविक नहीं है। मेरे लिए वह दर्द और दुख की बात है। जो एसैट्स की बात माननीय सदस्य ने कही है, एसैट्स को हम पूरी तरह से प्रोटैक्ट करते हैं। उसमें एनक्रोचमेंट नहीं होने देते हैं। तीसरे, जो उन्होंने यहां पर बात कही है, वह एक सुझाव है कि जो अच्छी पी.एस.यूज. हैं जो प्रॉफिट देते हैं तो क्या जो बीमार पी.एस.यूज. हैं, उनको वित्तीय सहायता क्या उनके द्वारा दी जा सकती है, यह सुझाव जो माननीय सदस्य ने दिया है, निश्चित रूप से इस विचार के बारे में हम सोचेंगे।

माननीय अध्यक्ष : श्री जोस.के.मणि जी, आप संक्षेप में प्रश्न पूछिए। केरल का प्रश्न हो चुका है।

SHRI JOSE K. MANI : Madam Speaker, in the answer, the hon. Minister has stated, "As far as the Department of Heavy Industry is concerned, the units having profitability potential are supported to improve their performance".

The Public Sector Undertaking, the Hindustan Newsprint Limited in my constituency is making profit since 1982, right from its inception, except for three years in which it incurred loss. During the last year also it made profit. But now the Government has taken a decision to privatise it. The Kerala State Assembly has passed a Resolution unanimously that this unit should not be privatised. There is a contradiction here. I am not against the units being closed which are in red. But a unit which is earning profit is being privatised. … (*Interruptions*)

So, I would request the Government to protect HNL from being privatized. … (*Interruptions*) I demand from the Minister to roll back that decision taken by the Government. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: All of you sit down. This is not the way.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The Minister is answering.

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट के बारे में माननीय सदस्य ने जो प्रश्न यहां पर पूछा है, मैं बताना चाहूंगा कि यह एक प्रॉफिट मेकिंग पी.एस.यू. था और कुछ समय के लिए घाटे में रहा और अब फिर प्रॉफिट करने लगा है। लेकिन अधिकतर जितने भी पी.एस.यूज. हमारे देश में बंद हो गये हैं, ये पिछले एक-दो साल की ये घटनाएं नहीं हैं। पिछले कई वर्षों से ये सारी इंडस्ट्रीज, उद्योग बीमार होते गये। बीमार होने के बाद ...(व्यवधान) आप पहले जवाब सुन लीजिए।

माननीय अध्यक्ष : यह तरीका ठीक नहीं है। आप सब बैठिए। बीमार तो हुए हैं न। बैठिए।

श्री अनन्त गंगाराम गीते : माननीय अध्यक्ष जी, पिछले कई वर्षों से बीमार होने के कारण हजारों करोड़ों रुपये नॉन-प्रोडक्टिव सरकार को उनको देने पड़ते थे। सरकार का नुकसान होता था, इसलिए कुछ यूनिट जो नहीं चल सकते हैं, उन्हें बंद करने का हमने निर्णय किया है और कुछ यूनिट्स के बारे में डिसइंवेस्टमेंट के बारे में सोचा है। यह प्रक्रिया शुरु हुई है। अभी तक अंतिम डिसइंवेस्टमेंट नहीं हुआ है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Not like this. This is not the way. Please take your seats.

… (*Interruptions*)

(Q. 263)

DR. SHASHI THAROOR : Madam Speaker, the Minister's response sidesteps the question that there is an undeclared environmental emergency around the Vellayani Lake. It is the largest freshwater lake in my constituency, and indeed, in all of the Thiruvananthapuram district, which is vital to the drinking water requirements of the people I represent.

In 1926, it spanned 750 hectares, today, it is drastically reduced to a mere 480 acres. This is a very serious matter because a study conducted by the Kerala Agriculture University has predicted a gap of 1,268 billion liters between supply and demand by 2021 but in fact, the hardship of 2021 has already arrived in 2016. We are now at a crisis point. The Minister's answer, I am really sorry to say, does not take into account the pollution from urban and agricultural sources, the poor conservation, sand mining, illegal encroachment and unauthorized construction. This is a major crisis. It is an environmental issue. The Supreme Court has been ruling about the importance of how water is fundamental to life. In these circumstances, I really would like to know what the Environment Ministry could do to assist in solving this critical situation.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: I appreciate the concerns raised because this Vellayani Lake which is near to Thiruvananthapuram, is an important lake. The issue is that he has specifically asked about the Biodiversity Heritage Site under the Biological Diversity Act, whether it has been decaled under the Act or not? When I was handling this Environment Portfolio, I had written to Shri Shashi Tharoor on 27.10.2015 that the Biological Diversity Heritage spot has to be declared by the State Government. It cannot be declared by the Central Government. It has been rightly said that the said lake has now been reduced to practically half. I have gone to Bengaluru and seen the situation of the lake. We have a very Big Lake Development Programme. If there are lakes which are meant for drinking water purposes, the Urban Development Ministry also helps. Under the AMRUT, we have given assistance to many other lakes also. So, the Kerala

Government has to send the proposals, which they have not sent. So, this is what we have done.

DR. SHASHI THAROOR : Madam Speaker, I have requested for your permission to ask the second supplementary in Malayalam. I understand that interpretation has been arranged. I may be allowed to do so.

HON. SPEAKER: Yes.

*DR. SHASHI THAROOR : Minister sir, Kerala is known as Gods own country. God has given us, 44 rivers and several lakes. But these rivers and lakes are getting dried up. You know it is an environmental issue, that also involves availability of potable water.

National sample survey N.S.S says that only 29.5% of our rural households get potable water. I have already mentioned the environmental issue and the urgent need to protect the biological wealth. But your answer, transfers all the responsibilities on to the shoulders of the State Government. In what way can the Central Government help us in this regard? How can you help the people of Kerala, get potable water, and also protect the water bodies like the Vellayani lake? Are you ready to extent help to our people in this regards? I am told that there is a policy to offer grants worth 75 crores; and that has prompted me to raise this question. You say that the onus lies with the State Government. If so what help can we expect from the Central Government?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Madam, let me again state the fact that though the Concept Note was moved by the State Biodiversity Authority, it has not come through proper channel from the State Government. There is a proper procedure for funding. We are eager to fund and we are doing it. I will cite you some examples. In the case of Dal Lake in Kashmir, we have granted Rs. 300 crore. What vitiates the lake water is the sewage which has to be treated. Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) also provides money and

* English translation of this part of the speech originally delivered in Malayalam.

we also provide money through the National Plan for Conservation of Aquatic Ecosystems. So there are two or three Ministries which fund this. Even the Ministry of Water Resources provides funds for protection of ponds where agricultural purpose is served. In Nainital, we have provided Rs. 65 crore. काम पूरा हुआ है, अच्छा हआ है। For Ramgarh Tal, Jhansi Lakshmi Tal and other lakes, totally we have provided Rs. 130 crore through other schemes also. But there is a method. I can understand the anxiety and concern of the hon. Member for the lake. But he has to please convince the State Government to follow the process and we will do it.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam Speaker, I want to ask a question.

HON. SPEAKER: Yes, but please ask only with reference to this Question.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Yes Madam. I thank you very much for this opportunity.

Like the Vellayani Lake, there is another lake called the Sasthamcotta Lake which has been approved by the Ramsar Convention. This is also in the same pathetic position and it is also dying. It is one of the major fresh water lakes in the State of Kerala. Unfortunately it is not being protected. Many steps have been taken by the Government of India. But unfortunately it has not become fruitful.

So, my question to the hon. Minister is whether any Centrally- Sponsored Scheme will be implemented so as to protect the fresh water lake, namely the Sasthamcotta Lake. I would also like to know whether there is any proposal to have a National Wetland Conservation Authority which was pending during the time of the UPA Government. What is the policy decision of the Government of India regarding constitution of a National Wetland Conservation Authority so as to protect the wetlands in our country?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Madam, wetland protection is a very important area on which we are working. On the issue of this particular lake which the hon. Member has mentioned, we will definitely get back to the hon. Member because

this is not covered in this Question. But we will get back to the hon. Member on the specific issue of that lake.

(Q. 264)

श्री सदाशिव लोखंडे : अध्यक्ष महोदया, यह बात सच है कि अन्य सरकारी कर्मचारियों की तुलना में पुलिस का कार्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। समाज में कानून का पालन और सुव्यवस्था कायम करना लोगों का भी नैतिक दायित्व है, लेकिन कानून व्यवस्था कायम करने के लिए कुछ कर्मचारी रक्षक बनने की जगह भक्षक बन जाते हैं। इस वजह से पुलिस की छवि खराब होती है। कानून कायम करने के नाम पर किसी से भी जबरदस्ती अपराध कबूल करवाना बहुत तकलीफ की बात है।

महोदय, प्रश्न के उत्तर में पुलिस हिरासत में मौत के आंकड़े दिए गए हैं। पुलिस जानबूझ कर आरोपियों को दादागीरी से प्रभावित करती है। सदन में मुम्बई के पूर्व पुलिस कमिश्नर भी मौजूद हैं। सबसे ज्यादा अपराध महाराष्ट्र में हुए हैं। मुम्बई में बिहार और दिल्ली से भी ज्यादा मौतें हिरासत में हुई हैं। मेरा प्रश्न है कि ऐसे जो अपराध हुए हैं, क्या उसके लिए केंद्र सरकार सीबीआई जांच कराएगी?

श्री किरेन रिजीजू : महोदया, यह बात सही है कि पुलिस हिरासत में हुई मौतों की संख्या महाराष्ट्र में थोड़ी ज्यादा हैं। यदि मैं पूरी संख्या के आंकड़े पढ़ूंगा, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा। मैं बताना चाहता हूं कि यदि पुलिस द्वारा टार्चर होता है और इल्लीगल तरीके से किसी की मौत होती है, तो उसके लिए कानून में स्पेसिफिक प्रावधान है। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के डायरेक्टिव्स और कोर्ट्स के भी डायरेक्शंस हैं कि ऐसे केसेस में किसी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी और ज्यूडिशियल इन्क्वायरी का प्रावधान है। जैसे ही इस तरह की कोई घटना सामने आती है, यदि अप्राकृतिक मौत नहीं हुई है, बीमारी या आत्महत्या से मौत नहीं हुई है, तो तुरंत पुलिसकर्मी के खिलाफ केस रजिस्टर्ड किया जाता है। ऐसे ही महाराष्ट्र में भी किया गया है।

श्री सदाशिव लोखंडे : महोदया, मेरा प्रश्न है कि पुलिस कस्टडी में जो मौतें होती हैं, उसके लिए केन्द्र सरकार को एक क़ानून बनाना चाहिए। पुलिस कस्टडी में हुई मौतों की जाँच ऑटोमेटिक सीबीआई द्वारा कराई जानी चाहिए।

कई बार पुलिसकर्मी गुंडे से भी ज्यादा दादागीरी करते हैं, उस पर अंकुश होना चाहिए। क्या भारत सरकार इसके लिए कोई क़ानून बनाएगी और उसके अनुसार इस पर कार्रवाई की जाएगी?

श्री किरेन रिजीजू : मैडम, इससे संबंधित कुछ भागों का उत्तर मैंने पहले दिया है। मैं कहना चाहता हूँ कि ह्युमैन राइट्स कमिशन की गाइडलाइंस है कि यदि कोई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी का दुरुपयोग करके किसी को हिरासत में लेता है, उसके विरुद्ध कोई ऐसा व्यवहार करता है, जिससे उसको चोट पहुँचती है या उसकी मौत हो जाती है, तो 24 घंटों के अंदर उसकी रिपोर्ट देना जरूरी होता है। इसके साथ ही, इसके

लिए बहुत लम्बी-चौड़ी गाइडलाइंस है जैसे पुलिस कस्टडी में सीसीटीवी रखना और समय-समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा इसका जायज़ा लिया जाना आदि का प्रावधान है। माननीय सदस्य के संज्ञान में यदि कोई केस आता है या कोई लैप्सेज हुई हैं, तो वे उसे जरूर हमारे सामने भी ला सकते हैं।

SHRI A. ARUNMOZHITHEVAN : Respected Madam Speaker, I would like to know from the hon. Minister, the effective steps taken by the Union Government to curb the custodial deaths in the country. The custodial deaths can be prevented if the police stations are covered by CCTV cameras, which will enforce a fear among the culprits involved in such crimes.

Therefore, I would like to know from the hon. Minister whether the Government is considering to provide CCTV cameras, which would help in further modernization of the police force.

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, I have already answered partly, this particular query. But let me be specific. In one particular case of *Shri Dilip K. Basu versus State of West Bengal and others,* the Supreme Court had very categorically made two direct observations and directions with regard to the question being asked by the hon. Member. The first one is, 'the State Government shall take steps to install CCTV cameras in all the prisons in their respective States within a period of one year from today, but not later than two years.' Secondly, 'the State Government shall also consider installation of CCTV cameras in police stations in a phased manner depending upon the incidents of Human Rights violations reported in such stations.'

That is why, the provisions are already made, and the Government of India, Ministry of Home Affairs is also in touch with various State Governments. So, through the National Human Rights Commission, and through the 25 States, which have already established their State Human Rights Commission, things are being monitored.

श्री रमेश बैस : माननीय अध्यक्ष महोदया, मंत्री जी ने जो जवाब दिया है कि तीन साल में एक भी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। लेकिन पुलिस कस्टडी में मौतें हुई हैं। कई थानों में देखने में

आता है कि लोग पुलिस कस्टडी में मर जाते हैं और उनके परिवार वालों को नहीं बताया जाता है कि उसकी मृत्यु हो गयी है। जब पब्लिक एजीटेशन होता है, तब बताया जाता है। इस प्रकार से, इतनी मौतें हुई हैं, तो अभी तक किसी भी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई है, इसके लिए किसी भी पुलिसकर्मी को दोषी क्यों नहीं पाया गया है?

श्री किरेन रिजीजू : महोदया, माननीय सदस्य जी ने जो चिन्ता व्यक्त की है, उसके लिए गृह मंत्रालय के माध्यम से हम लोगों की भी जिम्मेवारी होती है। ऐसी कोई घटना नहीं होनी चाहिए चाहे कोई अपराधी हो या अपराधी न हो, कानून के तहत ही उसके साथ व्यवहार होना चाहिए। किसी पुलिसकर्मी द्वारा उठाए गए किसी ऐसे कदम के संबंध में आपने कहा है कि इन मामलों में चार्जशीट होती है, लेकिन प्रौसिक्यूशन या कंविक्शन नहीं होता है। इस विषय पर मैं बताना चाहूँगा कि हर स्टेट का अपना अलग पुलिस मैन्युल होता है। उस पुलिस मैन्युल के मुताबिक सारी मौतें पुलिस द्वारा किए गए टॉर्चर से ही नहीं होती हैं। उनमें से कुछ मौतें नैचुरल डैथ्स भी होती हैं एवं उनके अन्य कारण भी होते हैं। मैंने पहले भी यह बात कही थी कि राज्यों में मानवाधिकार आयोग बने हुए हैं। ये आयोग भी समय-समय पर इसका जायजा लेते रहते हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से हम इन आयोगों को पूरा समर्थन देते हैं। यदि सभी स्टेट्स की पुलिस राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से दिए गए डायरेक्टिव्स को फॉलो करेगी, तो जो असम की चर्चा यहाँ चल रही है, उस तरह की घटनाएँ नहीं होंगी।

माननीय अध्यक्ष : श्री सत्यपाल सिंह जी। आप तो खुद भी कमिश्नर ऑफ पुलिस रह चुके हैं।

डॉ. सत्यपाल सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। हमारे माननीय मित्र सदाशिव जी ने जो प्रश्न पूछा है, मैं उसके संबंध में बोलना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : आपके काम का रिकार्ड निकालना पड़ेगा।

डॉ. सत्यपाल सिंह : अध्यक्ष महोदया, सबसे पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि, मौत कैसे भी हो, वह बड़ी दुखदायी होती है। जिस पुलिस का काम लोगों की जान-माल की रक्षा करना है, यदि उसकी हिरासत में कोई मौत हो तो यह वास्तव में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। माननीय मंत्री जी की तरफ से यहाँ पर आँकड़े दिए गए हैं। हमारे मित्र सदाशिव जी ने यहाँ महाराष्ट्र का जिक्र किया है। मैं इसके संबंध में आदरणीय सदन को यह बताना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र में मुंबई की पुलिस हिन्दुस्तान की सबसे अच्छी पुलिस मानी जाती है। ...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : मैडम, यह जवाब है या सवाल है?

माननीय अध्यक्ष : आप अपना प्रश्न पूछिए।

डॉ. सत्यपाल सिंह : अध्यक्ष महोदया, यहाँ आँकड़े दिए गए हैं कि महाराष्ट्र में इतने लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हुई। इस संबंध में माननीय मंत्री जी ने कहा है। ये केवल पुलिस हिरासत में हुई मौतों के नंबर नहीं हैं, इनमें जेल में होने वाली मौतों के आँकड़े भी शामिल हैं। जेल के अंदर भी सारे लोग पुलिस हिरासत में माने जाते हैं। कोई ज्यूडिशियल ...(व्यवधान) इस विषय में मेरा कहने का मतलब यह है कि बाद में जब जाँच होती है, तो मालूम चलता है कि मौतें बीमारी या अन्य प्राकृतिक रूप से भी हो सकती है। इंक्वायरी होने के बाद जो आँकड़े आते हैं, उन आँकड़ों के हिसाब से वूमेन राइट्स कमीशन, सेंट्रल कमीशन ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको दोष नहीं दे रहे हैं।

डॉ. सत्यपाल सिंह : अध्यक्ष महोदया, मेरा इतना कहना है कि...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्रश्न पूछिए।

डॉ. सत्यपाल सिंह : ...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से सवाल करना चाहता हूँ कि यदि किसी भी आदमी को गलत रूप से पुलिस गिरफ्तार करती है, या ...* से बाद में मालूम चलता है कि पुलिस या ...* तो क्या भारत सरकार राज्य सरकारों को ऐसे निर्देश देगी कि जो गलत रूप से गिरफ्तार किए गए है, उन्हें बीमा राशि दी जाए। अगर किसी को गलत कारणों से गिरफ्तार किया जाता है, तो इसका बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।

श्री किरेन रिजीजू : महोदया, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस पर निर्देश दिए हैं। प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स एक्ट, 1993 के सेक्शन 18 के तहत यदि कोई गलत काम किया जाता है, तो उसके लिए मॉनिटरी कंपनसेटरी का प्रोविजन है। यदि इस आजाद हिन्दुस्तान में किसी के भी साथ कोई गलत काम होता है, तो उसके लिए रिलीफ का प्रोविजन इसमें दिया गया है।

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नंबर 265, श्री बैजयंत जे. पांडा जी।

---

* Not recorded

(Q.265)

SHRI BAIJAYANT JAY PANDA : Madam, the hon. Minister has given a detailed response about India's obligations under the Montreal Protocol which has recently been amended under the Kigali Agreement in Rwanda on global warming. This regards to the restriction on hydrofluorocarbons.

My question is with regard to the baseline years with which we have to restrict. The developed countries have to start restricting HFCs from the year 2011 onwards; China and similar countries have to start restricting them from 2020 onwards; and India has agreed to start restricting them from 2024 onwards, in other words, only four years after China.

Madam Speaker, I would like to point out to the hon. Minister that there was a time, back in 1980, when the Chinese and the Indian per capita income was about the same but in the past 35 years, they have grown vastly more than us and their economy is now five-and-a- half times bigger than India. In fact, today's Indian economy size is roughly where China's economy was in about 1998. So, we are almost 20 years behind them. My question to the hon. Minister is this. Is only a four-years gap, after China starts restricting, good enough for us? Will we have developed enough or will we have taken advantage of the existing technologies enough? Or, is there a scope to further delay it to accommodate our catching up in proportion to other countries?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: First, let me tell you that we had moved an amendment on this. And after a lot of discussion, the world has come to a conclusion because the Montreal Protocol in its earlier missions also was a successful mission. So, what you are asking exactly is not just four-year gap than China. The main principle is that there will be a ten-year gap with the common but differentiated responsibility principle. Therefore, if you see the USA, their freeze comes in 2011-2012-2013 and reduction starts in 2019. Our reduction starts in 2032. So, there is a case that 10 per cent reduction in 2032, again 10 per cent reduction in 2037, again 10 per cent reduction in 2042 and then by 85 per

cent in 2047. So, it is 25 years' period that we have already got. China's baseline starts in 2022. That is the period. The reduction starts in 2028. While India will have 2024-2025-2026 baseline years, we start in 2030. So, we do not achieve 85 per cent reduction in four-years gap. There is a gap of nearly 14 years.

SHRI BAIJAYANT JAY PANDA : Madam, for my second supplementary, I would like to ask a question with regard to the Multilateral Fund (MLF) that the hon. Minister has referred to. It is supposed to give financial assistance to countries and industries and places like India so that we can develop our technology. But in the later section, he has pointed out that as far as the Indian Government is concerned, we are not giving any specific financial assistance except we are giving some rebate on customs duties and excise for equipment connected to this industry. My question is this. When we are taking on global responsibilities for example, on climate change, we are also investing heavily, for example, on solar energy. Now, when we are taking on this obligation on restricting hydrofluorocarbons which will affect our economy, should we also not be giving much more incentives for the industry? How can our industry take advantage of the Multilateral Funding? Is there any specific scope or Cell that your Ministry will set up to assist our industry from getting advantage of this global fund?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Earlier phase down had happened under the Montreal Protocol. There was 100 per cent funding available from the developed countries. The same continues today. So, it is the obligation of the developed countries to finance through MLF and that will continue but again, what we have decided, you see, in this alternative to HFC and HCFCs, is that we are talking about two companies having real monopoly in the world's scenario. So, what the Indian Government has decided is that HFC alternative has to be developed under mission innovation. We are using the India Innovation Fund for it. And the Indian Chemical Institute of Chennai will develop that job. They have been asked to do that job and we have also given on our own a helping hand. We are the first

क्या इस विषय पर संसद में संशोधन विधेयक पारित करने हेतु प्रस्ताव नहीं लाया गया? क्या पर्यावरण मंत्रालय को वक्त निकालना था या कानूनी सलाह में कुछ कमियां थीं। इन चीजों पर गौर से ध्यान देते हुए इस प्राचीन परम्परा को जारी रखने हेतु और हजारों देशवासियों की मांग को देखते हुए तुरंत संशोधन विधेयक संसद में पेश करके उसे पारित करके इस श्रेष्ठ परम्परा को जारी रखने के लिए तुरंत कारगर कदम उठाना अनिवार्य है।

14.03 hours

FINANCE BILL, 2017

HON. DEPUTY-SPEAKER: Now, the House will take up item No. 16, the Finance Bill, 2017.

THE MINISTER OF FINANCE, MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS AND MINISTER OF DEFENCE(SHRI ARUN JAITLEY): I beg to move:

> "That the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2017-18 be taken into consideration. "

HON. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2017-18 be taken into consideration. "

SHRI. N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Mr. Deputy-Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity to raise objection for the consideration and passing of the Finance Bill, 2017. My serious objection to the Finance Bill, 2017 is under articles 110, and 117 and rule 219 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

Once we have agitated this matter in detail during the introduction of the Financial Bill in 2015. I have to repeat it because the same issue is coming again and again and repeatedly this activity of the Government is coming before the House. Therefore, I am forced to repeat the arguments once again that I have made once during 2015.

14.05 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

Under Rule 219(1) of the Rules of Procedure, the Bill means a Bill ordinarily introduced in each year to give effect to the financial proposals of the Government of India for the next financial year, and includes a Bill to give effect to the supplementary financial proposals for any period. That means, Rule 219(1)

is distinct and separate and it is only to give effect to the financial proposals for the year or for the following year, that is, for a particular period, and not of a permanent nature.

Article 110(1) of the Constitution of India also elaborately discuss this matter. I am not going to read the entire Article. Hon. Finance Minister is well conversed with all these facts, rules, regulations, and the constitutional provisions. I do admit. You may kindly see the Money Bill under Clause 110 (1) – "For the purposes of this Chapter, a Bill shall be deemed to be a Money Bill if it contains only provisions dealing with all or any of the following matters namely, Clauses (a) to (f), which deals with taxation proposals, recovery of money, regulation of the borrowing of money, custody with the Consolidated Fund and the Contingency Fund of India, and appropriation of money under the Consolidated Fund of India and so on.

Coming to Article 110, Clause 1, Sub-Clause (g), this is the procedure by which the hon. Minister and the Government relied upon, that means, any matter incidental to any of the matters specified to sub-clauses (a) to (f). This is the provision by which all these proposals are being made in the Finance Bill. I would also like to draw the attention of the hon. Chair to the Short Title of the Bill. What is the Long Title of the Bill? That is, the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2017-18. So, the entire aim and objective of the Financial Bill is to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2017-18. That is the Long Title of the Bill, the Finance Bill, 2017.

Now, I come to Kaul and Shakdher, where it is very specific – a `Finance Bill' means the Bill ordinarily introduced in each year to give effect to the financial proposals of the Government of India for the next following financial year and includes a Bill to give effect to supplementary financial proposals for any period. Further, it states that, however, it does not contain provisions intended to make permanent changes in the existing laws unless they are consequential upon

or incidental to the taxation proposals. There lies the point. Either it should be consequential or incidental to the proposals of Article 110(1) (a) to (f). Let us analyse this Finance Bill.

Coming to the Finance Bill, 2017, Madam, you may kindly see this. Also, the Finance Bill of category (a) and category (b) were described, which I am not going into due to paucity of time. The original Finance Bill presented along with the Budget on 1st February, 2017, Clause 129 and Clause 130 of the Finance Bill dealing with the amendment to the Indian Trusts Act, 1882,

Clauses 131 and 132 of the Finance Bill dealing with amendment to the Indian Post Office Act, and Clauses 133 and 134 which are amendments to the RBI Act, 1934, Clauses 135 and 136 of the Finance Bill, amendments to the Representation of the People Act, 1956, and Clauses 137 and 138 of the Finance Bill, amendment to the Oil Industries Development Act, 1974, and Clauses 143 to 145 of the Finance Bill amending the SEBI Act, 1992. These are the amendments which are being sought by means of the Finance Bill.

According to me, amendments to the RBI Act, and to the Representation of the People Act are in respect of issuance of the electoral Bonds. How an issuance of the electoral Bond fall within the taxation proposals over matters incidental to the taxation proposal? That is the question which I would like to know.

Regarding the SEBI Act, how will creating a new Securities Appellate Tribunal and providing its functions, powers and procedures, come within the purview of Article 110(1) of this Act? These amendments are coming within the purview of the Finance Bill. Madam, just minutes before we have received the list of amendments to the Finance Bill.

HON. SPEAKER: You can speak about amendments at the time of passing of the Finance Bill.

...(Interruptions)... *

* Not recorded

श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन : मुझे इनकी बात समझ में नहीं आयी।

माननीय अध्यक्ष : आपके बारे में अच्छा ही बोला है। He has said something good. It is okay.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: All these cross talks will not go on record.

...(Interruptions)... *

HON. SPEAKER: What is all these things happening? Why such things should be there every now and then?

… (*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, just now we have received the list of amendments. If I will get the opportunity to speak at the time of moving the amendments, that is okay. I will leave it to you.

Madam, 40 existing Acts are proposed to be amended by means of this Finance Bill. This has never been heard in the history of Indian legislative mechanism. … (*Interruptions*) This is the first time. When the original Bill was presented on 1st February, 2017, that is, before the UP Election, only 8 to 10 Acts were proposed to be amended and those included the Reserve Bank of India Act as well as the Representation of the People Act. Now, here there are various amendments proposed like Amendments to the Companies Act, 2013, Amendments to certain Acts to provide for merger of Tribunals and Other Authorities and Conditions of Service of Chairpersons, Members etc., Amendments to the Employees Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, Amendments to the Industrial Disputes Act, Amendments to the Copyright Act, Amendments to the Trade Marks Act, Amendments to the Railway Claims Tribunal Act and the Railways Act and also Amendments to the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act and the Foreign Exchange Management Act etc.

* Not recorded

Madam, there are amendments proposed to the Airports Authority of India Act. What is the relation with taxation and the Airports Authority of India Act? Another amendment proposed here is to the Control of National Highways (Land and Traffic) Act. Then, there are amendments proposed to the Telecom Regulatory Authority of India Act, the Information Technology Act and the Airports Economic Regulatory Authority of India Act, 2008 and also amendments to the Competition Act, the Companies Act, 2013, the Cinematograph Act, 1952 etc. There are amendments to the Income-Tax Act, 1961 and the Customs Act, 1962. I agree that these amendments will come within the purview of taxation. Then, there are amendments proposed to the Administrative Tribunals Act and the Consumer Protection Act.

Madam, these amendments are pushed through this House by suspending Rule 80 (i) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. I would like to know whether it is right because Rule 80 (i) is very specific and says that an amendment should be related to the matter which is connected with the facts of the original Bill. Unfortunately these things are not connected with the original Bill and these amendments are now being pushed through or they are being bulldozed just a few minutes before.

So, I would like to like to quote some precedents here. In the year 1956, the first Speaker of this august House has stated and I would like to quote:

> "I would normally urge upon the Finance Minister, not only he, but also his successors to see that only those provisions which relate to the raising of taxations should be included in the Bill. The procedure should be followed and no other provision should be given attention to unless they are absolutely consequential."

Madam, this is the ruling which was given in the year 1956 and in 1970 also the same ruling was given. Why should we go to 1956 and 1970? Let us come to your own ruling given on 30.4.2015. I will not read the entire ruling. I will quote only paragraph no. 4 of your own ruling. I quote:

> "Nevertheless the fact is that a well established practice of this House has been not to include taxation proposals in not only a Finance Bill but also other Bills containing taxation proposals unless it is imperative to include such proposals on constitutional or legal ground."

Madam, this is a very good ruling as far as the history of our rulings or precedents is concerned. I feel that it is better than that of the 1956 ruling that 'Not only in Finance Bill, it shall not be incorporated in any other Act.' Further, Madam Speaker says: "Therefore, every effort should be made to separate taxation measures from other matters unless it is impossible on Constitutional or legal grounds or on some such unavoidable reasons to do so in a particular case."

Madam, this was the ruling, which you had given when the Finance Bill of 2015 was brought in this House when a point of order had been raised by myself and Prof. Saugata Roy.

So, what does it mean, Madam? Only on the Constitutional and legal grounds, this Bill can be introduced, which is having non-taxation proposals. If that be the case, Madam, kindly look at my point. My point is that if the exiting 40 Acts are to be amended, they have to come with a separate legislation before the House.

My point, Madam, is that it is a backdoor legislation; it is absolutely a backdoor legislation. It cannot be allowed under the pretext of a Finance Bill.

Madam, about suspension of rule 80 (1) of the Rules of Procedure, invoking rule 388 of the Rules of Procedure, I fully agree with the authority of the hon. Speaker to give power to the hon. Finance Minister to move the Motion. But I strongly oppose the move to suspend the Rules of Procedure so as to bring very cardinal structural amendments to the existing 30 Acts.

Madam, if you are going to transact the legislative business of this House in such a way, then there is no need of a Monsoon Session; there is no need of a Winter Session because then, the legislations in the country can be brought within the purview of the Finance Bill so that the discussion can be curtailed, so that the

scrutiny by the Standing Committees can be curtailed, and so that scrupulous scrutiny of the Bill, clause-by-clause cannot be done.

Madam, it is the legitimate, democratic and supreme right of the Parliament, which is being taken away. So, I strongly oppose moving of this Bill for consideration and passing.

Madam, I am seeking a ruling from you once again on this aspect. Thank you very much.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, whatever Mr. Premachandran has said, I support him.

HON. SPEAKER: I know, it is the same thing. Do not repeat it, now.

PROF. SAUGATA ROY : Madam, my short point is that he has said that the Finance Bill is essentially to bring taxation proposals in the House for passing. The Finance Minister has included amendments to 30 Acts, partly in the Schedule and partly in the additional amendments that he has brought forward today. This should not be allowed.

HON. SPEAKER: Okay.

PROF. SAUGATA ROY : Let the Finance Bill consist of only the taxation proposals. Let us pass it without much ado, and let us keep the other Bills in limbo. There is a long Session ahead, and let the Finance Minister bring those Bills later. We shall agree to that.

HON. SPEAKER: Yes, Mr. Minister.

SHRI ARUN JAITLEY: Madam, Mr. Premachandran's objection is predominantly borne out the language of article 110(1), which reads:

> "For the purpose of this Chapter, a Bill shall be deemed to be a Money Bill, if it contains only provisions dealing with all or any of the following matters."

So, the critical word, according to Mr. Premachandran is the word 'only'; and that is how, Prof. Saugata Roy supports him that it is only the taxation

proposals and nothing else, which is incidental, really can find a place as far as the Money Bill is concerned.

Now, I skip the clauses (a) to (f) and take the hon. Speaker and this hon. House to clause (g), which says:

> "Any matter incidental to any of the matters referred to in sub-clauses (a) to (f)."

Now, with regard to this word 'only', right from the inception of this House, as to what is the width that this word 'only' permits has been a subject matter of debate.

Mr. Mavalankar, in his first Ruling on this subject – I read his first Ruling of 1952 – said:

> "*Prima facie*, it appears to me that the words of article 110 (imposition, abolition, remission, alteration, regulation of any tax) are sufficiently wide to make the Consolidated Bill, a Money Bill. A question may arise as to what is the exact significance or scope of the word 'only' and whether and how far that word goes to modify or control the wide and general words 'imposition, abolition, remission, etc.'.
>
> I think, *prima facie*, that the word 'only' is not restrictive of the scope of the general terms. If a Bill substantially deals with the imposition, abolition, etc., of a tax, then the mere fact of the inclusion in the Bill of other provisions which may be necessary for the administration of that tax or, I may say, necessary for the achievement of the objective of the particular Bill, cannot take away the Bill from the category of Money Bills. One has to look to the objective of the Bill. Therefore, if the substantial provisions of the Bill aim at imposition, abolition, etc., of any tax then the other provisions would be incidental and their inclusion cannot be said to take it away from the category of a Money Bill. Unless one construes the word 'only' in this way it might lead to make article 110 a nullity. No tax can be imposed without making provisions for its assessment, collection, administration, reference to courts or tribunals, – now, this word 'tribunals' is very important – etc., one can visualise only one section in a Bill imposing the main tax and there may be fifty other sections which may deal with the scope, method, manner, etc., of that imposition. "

Therefore, the thrust of this is that you cannot have a Bill which says that the Government shall spend Rs. 100 thousand. How that is to be spent, the incidental provisions will have to be contained. You cannot have an Act which says that there will be a five per cent tax. Then, how that five per cent tax is to be achieved; what are the deductions to be allowed; who is the Assessing Officer; how are they to be appointed; what is the appeal provision; how much deposits are to be made; these are all incidental provisions. The fact is that these incidental provisions to the Principal provision exist do not render a Bill to be a Non-Money Bill. That is what Mr. Mavalankar said. Therefore, the word 'only' has to be read in the context of the spirit of Article 110. It is much ado about nothing that you say 40 laws are being amended. What is the amendment? Today, you have in every law – a tribunal being created. Who will be the tribunal? It will be headed by a judge and it will have members. He will be a retired judge. What will be age? Every law has a different criterion. Every law has different perquisites. In some cases they say that it will be the last drawn salary minus pension and in some cases they say that a lump-sum will be given and no other perquisites will be given. What will be the retirement age? It is differing in every law.

Madam, there are some laws in which tribunals have been created which have such inadequate work that a tribunal may sit only for half-an-hour or one hour. Then, you have to make a regular provision for salary and all perquisites. So, all that is being done – 40 may sound very large – is that there is only one amendment which says that there will be uniformity in service conditions and the pay structure of all those retired judges who are being appointed in all these tribunals. The Government money, therefore, is being spent in this manner, जहां काम कम है, वहां जो दो या तीन ट्राइब्युनल्स अलग-अलग बनते हैं, एक ही व्यक्ति उन तीनों ट्राइब्युनल्स का काम करेगा। That is all that is being done. That directly relates to the Governmental expenditure कि सरकारी खर्चा कम करने के लिए आप दो ट्राइब्युनल्स का काम एक आदमी को दे दोगे, हर ट्राइब्युनल की सर्विस कंडीशंस एक जैसी कर दोगे। आज क्या परिस्थिति है कि

किसी को घर मिलता है, किसी को नहीं मिलता है। इसलिए कहीं रिटायर्ड लोग आना चाहते हैं, कहीं नहीं आना चाहते हैं। इसलिए सभी कानूनों में एक प्रावधान कर दिया कि यह यूनिफॉर्मिटी होगी और जहाँ-जहाँ सम्भव है, उन दोनों को इकट्ठा कर देना। यह बजट के अन्दर एनाउन्स किया।

Now, you come to the other Bill. Now, the hon. Members says how is electoral bonds a money Bill? Now, electoral bonds has been announced as a scheme for cleansing political money under the Income Tax Act. How is it being done? The reality as we all know, a lot of electoral funding to political parties across the spectrum comes by way of undisclosed money and this is the issue which has been in public domain.

Therefore, in the Budget announcement, we came out with a proposal that there will be an income tax incentive involved in four different ways. One is that monies are paid by cheque. The maximum cash donation which earlier was allowed up to Rs. 20,000 will now be allowed up to Rs. 2,000 as the Election Commission has recommended. Thirdly, there is a mass collection through the digital media and fourthly, that there will be electoral bonds issued in accordance with a scheme under the Income Tax Act. These are all amendments under the Income Tax Act and the specific provision of the Income Tax Act which deals with this is Section 13A. In the Finance Bill, this is clause 11. Now, for this purpose, how are the electoral bonds to be issued? अब इलेक्टोरल बॉन्ड्स कोई प्राइवेट आदमी तो इश्यू नहीं करेगा। The incidental provision is that the RBI will authorise a particular bank to issue the electoral bonds. So, it is an off-shoot incidental to that amendment. जो इलेक्टोरल बॉन्ड्स होंगे, उन्हें डोनर चैक से खरीदेगा, उतनी उसको इन्कम टैक्स में छूट मिलेगी और जो पार्टी उस इलेक्टोरल बॉन्ड्स को रिसीव करेगी, उसको अपना प्री-डिक्लेयर्ड एकाउन्ट देना पड़ेगा। उसको उसके ऊपर टैक्स नहीं लगेगा। इस प्रोविजन के लिए आरबीआई एक्ट में एक लाइन की अमेंडमेंट है that RBI may authorise and notify a particular bank. That is an incidental announcement.

In the Representation of the People Act, its impact is under Section 29(c) रीप्रिजेन्टेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट में यह है कि कोई भी 20 हजार रुपये से ज्यादा का डोनेशन आयेगा तो

वह डिसक्लोजर होगा तो रीप्रिजेन्टेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट में भी एक कॉरेस्पॉन्डिंग अमेंडमेंट होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के सम्बन्ध में डिसक्लोजर नहीं होगा। So, these are all incidental announcements to that entire scheme which has been made under the Income Tax Act itself. Then, if you see the Indian Post Office Act, क्या अमेंडमेंट है, provided the notification will set out the rates chargeable. जो पोस्ट ऑफिसेज के रेट्स होंगे That is again the Government revenue. Why should it not be a Money Bill? Oil Industry Development Act means money incurred by any Public Sector Undertaking and the oil and gas companies which is again on behalf of the Central Government. तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट का जो खर्चा होगा, अगर वह मनी बिल में नहीं आ सकता तो फिर मनी बिल में क्या आयेगा? उसी प्रकार से रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेस, एक सेस है, जो वापस लिया है और वे कहते हैं कि सेस को आपने रिपील किया, यह मनी बिल क्यों है? अब सेस रिपील तो मनी बिल के माध्यम से ही होगा और उसके बाद आगे जाकर हम देखते तो आई.आर.डी.ए., पी.एफ.आर.डी.ए. जो रेग्युलेटरी अथॉरिटीज हैं, all the regulatory authorities regulate the manner in which and whatever penalties they impose. उनका खर्चा सरकार का होता है, पेनल्टी जो इम्पोज करती हैं, वह सरकार के ऊपर आती हैं। That is all something to do with Government revenue itself. So, my respectful submission is, it squarely comes in the language of Article 110.

HON. SPEAKER: Hon. Members would recall that during last year when similar objections were raised at the time of consideration of the Finance Bill, 2016, I had observed that as per rule 219, the primary object of a Finance Bill is to give effect to the financial proposals of the Government. There is no doubt about it. At the same time, this Rule does not rule out the possibility of inclusion of non-taxation proposals. Therefore, I have accepted this. The Finance Bill may contain non-taxation proposals also.

Now, another thing is, no doubt, every effort should be made to separate taxation measures from other matters. It should be done. But as has been very widely explained by the Finance Minister, I need not say the things again and again.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is it? I am giving my ruling.

So, incidental provisions can be made. That is why, keeping in view that rule 219 does not specifically bar inclusion of non-taxation proposals in a Finance Bill, I rule out the Point of Order.

… (*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, consequential means absolutely consequential. … (*Interruptions*) The hon. Finance Minister read about it. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, Shri Deepender Singh Hooda.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) : अध्यक्ष महोदया, इससे पहले कि मैं इस बिल पर बोलूं, जो आपकी रूलिंग हैं और इसमें आर्टिक्ल 110 में आखिरी अधिकार आपको है, यह सर्वमान्य है। इसके बावजूद भी मैं अपना विरोध प्रकट करना चाहूंगा। इस इम्पार्टेंट एक्ट के अंदर बदलाव हो रहे हैं। जहां तक ट्रांसपरेंसी इन इलेक्टोरल फंडिंग की बात है, हमारा सुझाव है कि सरकार को ट्रांसपरेंसी इन इलेक्टोरल फंडिंग एक्ट के नाम से एक अलग बिल लाना चाहिए था, जिसमें रिप्रजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट में बदलाव हो रहे हैं। इसमें इंसिडेंटल के बारे में भी कहा जाता है। मैं कहता हूं कि यह किस चीज का इंसिडेंटल है। आप वहां पर जो बदलाव कर रहे हैं, उसका इंसिडेंटल है कि अब आर.बी.आई. को एक्ट करना पड़ रहा है। यह नहीं है कि आप आर.बी.आई. के माध्यम से टैक्सेशन ले रहे हैं, उसका इंसिडेंटल है कि वह बदलाव हो रहा है। इंसिडेंटल किस दिशा में जा रहा है? मैं समझता हूं कि सरकार को उसकी भावना समझनी चाहिए। आपकी भावना यह नहीं थी कि आर.बी.आई. अपने माध्यम से टैक्स कलेक्शन करें और उसका इंसिडेंटल हो। आपकी भावना थी कि इलेक्टोरल फंडिंग में ट्रांसपरेंसी लाई जाए और उसका इंसिडेंटल था कि आर.बी.आई. के माध्यम से बॉन्ड इश्यू होने चाहिए, तो मैं समझता हूं कि आप इस पर पुनः विचार करें।

अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे फाइनेंस बिल पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया है। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इससे पहले कि मैं गवर्नमेंट के टैक्सेशन प्रपोजल्स के बारे में बोलूं, क्योंकि फाइनेंसियल बिल एक कंस्टीट्यूशनल रिक्वायरमेंट है और गवर्नमेंट के टैक्सेशन प्रपोजल्स के बारे में हम यहां पर बहस करेंगे, जो देश की अर्थव्यवस्था और परिस्थितियाँ बनी हुई हैं, आज जो देश की आर्थिक स्थिति है, उसके बारे में मैं कुछ बातें जरूर कहना चाहूंगा। खास तौर पर डीमोनेटाइजेशन के बाद देश की बहुत तेजी से बदलती हुई जो आर्थिक परिस्थिति है, इसके बारे में मैं अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। इससे पहले जो बजट आया, हमारे वित्त मंत्री जी ने बजट पेश करते समय जो एक रोजी पिक्चर पेंट की और एक बहुत बड़ी संतुष्टि उनकी बजट स्पीच में थी। उनके बजट में बहुत ही सटिस्फैक्ट्री तरीके से एक स्पीच रखी गई कि हमारी इकोनॉमी बहुत अच्छी तरह से चल रही है और हम टेक-ऑफ के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही एक रोजी पिक्चर पेंट की गई। हम इससे असहमत हैं। हम समझते हैं कि हमारी जो इकोनॉमी है, वह अंडर परफर्मिंग इकोनॉमी है। इन हालात में आज जो पूरे विश्व की परिस्थितियाँ हैं, जहां हम लोग पहुंच सकते हैं, वहां पर ले जाने में भारत सरकार पूरे तीन साल में कामयाब नहीं हुई है। हमारे वित्त मंत्री जी ने कहा कि हम टेक-ऑफ के लिए तैयार है। इन्होंने तीन साल पहले भी कहा था कि टेक-ऑफ के लिए तैयार है। हम लोग अभी भी जहाज में बैठे हुए है, हम जहाज में रनवे पर बैठे हुए हैं,

जहाज का पायलट बार-बार कहता है कि आप पाँच मिनट का इंतजार कीजिए, रनवे क्लीयर हो रहा है, टेक-ऑफ के लिए तैयार है, मगर हमें अभी भी इंतजार है कि टेक-ऑफ कब होगा।

अभी जो आर्थिक जी.डी.पी. का ग्रोथ रेट सात प्रतिशत रखा गया है, डिमोनेटाइजेशन के बाद भी देश को बहुत संतुष्टि होनी चाहिए। इस पर भी मैं कहता हूं कि हम लोग संतुष्टि की किस मापदंड से तुलना कर रहे हैं। इसकी तुलना उस मापदंड से होनी चाहिए, जो यूपीए का दस साल का कार्यकाल रहा, उस समय क्या ग्रोथ रेट था। यूपीए के दस साल के कार्यकाल में पुरानी सीरीज के आधार पर औसत ग्रोथ रेट 7.8 प्रतिशत रही और उसके बाद अच्छे दिनों के वायदे आए, इससे बढ़नी चाहिए थी। नई सीरीज के आधार पर हमारे पास कोई एक्जैक्ट डाटा इस समय का उपलब्ध नहीं है, मगर हम एक्सप्लोरेशन करें, हमारी सरकार जो नई सीरिज लेकर आई है, उसके आधार पर हम देखें तो यह 7.8 प्रतिशत नहीं बल्कि दस साल में औसतन सलाना 11.3 प्रतिशत का आकलन किया जाता है। क्या सरकार ने उसे बढ़ाने का काम किया? तीन वर्ष के बाद सरकार कहे कि 7 प्रतिशत की जो आर्थिक ग्रोथ रेट है, वह बहुत अच्छी है और हम उससे संतुष्ट हैं, तो मैं समझता हूं कि वह सही नहीं है। इस 7 प्रतिशत पर भी सवाल उठ रहे हैं। 7 प्रतिशत का जो जीडीपी का नंबर नई सीरीज के आधार पर आया है, उस पर भी बहुत से सवाल उठ रहे हैं। मैं एक रिपोर्ट का जिक्र करना चाहूंगा। एक जापानी एनालिस्ट नमूरा की रिपोर्ट है। उन्होंने कहा है कि discrepancy between official GDP statistics and ground level data has been a concern ever since the start of new GDP series and gap has become even more glaring in the aftermath of demonetisation. ये जो सवाल पूरी दुनिया में उठ रहे हैं, उनका जवाब सरकार को देना चाहिए, ताकि भारत की अर्थव्वयस्था पर विश्वसनीयता बनी रहे। बहरहाल, हम इन सवालों को अलग करते हैं और जो आपके आंकड़े हैं, हम उन पर यकीन करते हैं। आंकड़ों में आपने 7 प्रतिशत दिया है। उसमें भी अगर हम परतें उतारकर देखें तो मैं समझता हूं कि हमें, देश को ऐसी चिंतायें होती हैं, जिनका जवाब आपको देना चाहिए।

जो 7 प्रतिशत ग्रोथ रेट है, यह प्राइमरली कंजंप्शन ड्रिवेन, जो प्राइवेट कंजंप्शन है, उसकी वजह से 7 प्रतिशत ग्रोथ रेट तीसरे क्वार्टर में आपने दिखाया। कंजंप्शन में हम जानते हैं कि आखिरी क्वार्टर्स के अंदर बढ़ोतरी हुई है। अच्छी रेनफॉल हुई, सेवेंथ पे-कमीशन भी आया। सेवेंथ पे-कमीशन का वन टाइम बेनेफिट आपको .6 पर्सेंट हुआ। अगर आप उसको घटा दें तो 6.4 प्रतिशत की आपकी ग्रोथ रेट हुई। इसी तरीके से ऑयल का विंडफॉल आपको मिल रहा है। ऑयल और सेवेंथ पे-कमीशन को अगर हटा दें तो यह 7 प्रतिशत नहीं, 6 प्रतिशत पर रह जाएगी। बहरहाल, प्राइवेट कंजंप्शन के अंदर ग्रोथ हुई, मगर ग्रॉस कैपिटल फार्मेशन की तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। यह सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे देश में

नौजवानों को नौकरियां चाहिए, अच्छे भविय की कल्पना हमारे देश का नौजवान करता है। ग्रॉस कैपिटल फार्मेशन, कितना इनवेस्टमेंट हमारी इकॉनामी में आ रहा है। मैं जानकारी में लाना चाहूंगा कि 2012 में 39 प्रतिशत जीडीपी का खर्च ग्रॉस कैपिटल फार्मेशन पर था, इनवेस्टमेंट हो रही थी। जीडीपी की ग्रोथ का 39 प्रतिशत, 2012 से घटते-घटते 2017 में 26.9 प्रतिशत रह गया। जितनी भी इमर्जिंग इकॉनामीज हैं, उनमें ब्राजील को छोड़कर सबसे कम इनवेस्टमेंट हमारा है। जीडीपी 7 प्रतिशत का केवल 26 प्रतिशत इनवेस्टमेंट, ग्रॉस कैपिटल फार्मेशन हो रहा है। मैंने वित्त मंत्रालय से एक प्रश्न पूछा था कि जो टोटल ईयरवाइज इनवेस्टमेंट प्रपोजल हैं, वे हमारे देश में कितने आ रहे हैं? वर्ष 2010 में हमारे देश में 17 लाख 36 हजार करोड़ रुपये के इनवेस्टमेंट प्रपोजल्स, लार्ज इंडस्ट्री, मीडियम एंड स्माल इंडस्ट्री के आए, 2011 में 15 लाख 39 हजार करोड़ रुपये, जो 2016 के अंदर घटकर कुल इनवेस्टमेंट प्रपोजल हमारे देश में 3 लाख 93 हजार करोड़ रुपये पर आए। 17 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट प्रतिवर्ष, 2010 में, 2011 में, 2012 में, जो घटकर 3 लाख 93 हजार करोड़ रुपये की इनवेस्टमेंट हो गई। जब इनवेस्टमेंट होगा, फैक्ट्रियां लगेंगी, तब नौकरियां आएंगी।

इसी प्रकार से इंडस्ट्री में कैपिसिटी यूटिलाइजेशन इंडस्ट्री में वर्ष 2011 में 80 प्रतिशत से घटकर अब 72 प्रतिशत हो गया है। कारपोरेट सैक्टर का जो स्वास्थ्य है, उसके बारे में भी चिंता होती है। जो इंट्रेस्ट कवरेज रेश्यो है, प्री-लीमैन क्राइसिस में जो इंट्रेस्ट कवरेज रेश्यो है, मतलब इंट्रेस्ट चुकाने की क्षमता, वह घटकर 4 से 2 रह गई है, हमारी कंपनीज की क्षमता प्री-लीमैन टाइम से भी कम हो गई।

मैं एक चौंका देने वाला आंकड़ा आपके सामने रखना चाहता हूं, हमारे मंत्री जी उपस्थित हैं। नॉन फूड क्रेडिट ऑफटेक, कंपनियां लगाने के लिए कितना लोन लिया जा रहा है। केवल आज की बात नहीं, 2016 की बात मैं नहीं कर रहा हूं, 2017-18 में कितनी नौकरियां बनेंगी, कितनी इनवेस्टमेंट होगी, क्रेडिट ऑफ टेक जो मार्च, 2016 का पिछले क्वार्टर का आंकड़ा है , यह 4.34 प्रतिशत है, जो कि 58 साल में सबसे कम है। यह रिकार्ड बन गया। 60 साल में सबसे कम अगर बैंक से इंडस्ट्री ने लोन लिया, तो वह पिछले क्वार्टर में लिया गया और आप कह रहे हैं कि देश में बहुत अच्छी स्थिति है। साठ साल में सब कुछ हो गया। दुनिया की इकॉनामी ऊपर नीचे, ऑयल क्राइसिस, मिडिल-ईस्ट क्राइसिस, इराक वॉर, सेकेंड इराक वॉर, ऑयल शॉक सब कुछ आ गया। अगर सबसे कम बैंक लोन किसी क्वार्टर में लिया गया है, तो 4.34 प्रतिशत की ग्रोथ नॉन फूड क्रेडिट में पिछले क्वार्टर में आई है। इस बात को आपको गंभीरता से लेना पड़ेगा।

अब मैं एक्सपोर्ट पर आता हूं। जब 2013-14 में आपकी सरकार बनी, उस समय प्रति माह 26.2 बिलियन यूएस डॉलर का एक्सपोर्ट हम छोड़कर गए थे। आज तीन साल की आपकी सरकार के बाद, वही

एक्सपोर्ट 21.2 बिलियन डॉलर का है। उतने लैवल पर भी नहीं है, बढ़ना चाहिए। बढ़ना इसलिए था कि चाइना की इकोनॉमी ठहराव के दौर से गुजर रही है। दुनिया के अंदर जो परिस्थितियां बन रही हैं, लो ऑयल प्राइसेज, लो कमोडिटी प्राइसेज़, चाइना की इकोनॉमी के ठहराव का हमें फायदा उठाना चाहिए। मगर हमने फायदा नहीं उठाया। यही कारण है कि इकोनॉमिक सर्वे में इनके चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र श्री अरविंद सुब्रह्मणियम ने एक बहुत बेहतरीन चैप्टर रखा है कि दुनिया की फैक्ट्री चाइना की बजाए हिन्दुस्तान बननी चाहिए, आज वही फैक्ट्री वियतनाम और बंगलादेश बन रही है। एक्सपोर्ट जो चाइना का वर्ल्ड ग्लोबल शेयर का डिप कर रहा है, उस शेयर में हमारे देश से आगे वियतनाम और बंगलादेश जैसे देश पहुंच रहे हैं। हम क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन्होंने उस पर अपने सुझाव रखे।

मैं धीरे-धीरे टैक्सेशन प्रपोजल पर भी आना चाहूंगा। उन्होंने सुझाव रखे कि कई ऐसे सैक्टर हैं, जैसे गारमैंट सैक्टर, ऐपेरल सैक्टर, फुटवियर सैक्टर, जो बड़े भारी जॉब इंटैंसिव सैक्टर हैं यानी अगर इन सैक्टर्स में इन्वैस्टमैंट करते हैं तो एक लाख इन्वैस्टमैंट के आधार पर दूसरे सैक्टर्स के मुकाबले बहुत ज्यादा जॉब क्रिएशन होती है। मैं उदाहरण देता हूं। ऐपेरल सैक्टर में हर एक लाख रुपये की इन्वैस्टमैंट पर 24 लोगों को रोजगार मिलता है। इसे ऑटो सैक्टर से कम्पेयर करें, तो हर एक लाख रुपये की इन्वैस्टमैंट पर 0.3 लोगों को जॉब मिलती है और स्टील में हर एक लाख रुपये की इन्वैस्टमैंट में केवल 0.1 व्यक्ति को रोजगार मिलता है। कुछ सैक्टर ऐसे हैं जिनमें अगर हम उतना ही इन्वैस्टमैंट करें, हम उदाहरण के तौर पर लें - अगर हमारे पास फाइनाइट रिसोर्स है, वह रिसोर्स अगर हम उन सैक्टर्स में लगाएंगे, तो न सिर्फ दुनिया के एक्सपोर्ट में हम चाइना की जगह ले सकते हैं बल्कि हम अपने करोड़ों नौजवानों को, जिनको हर साल दो करोड़ नौकरियों का वायदा था, रोजगार दे सकते हैं। आज नहीं तो कल, उनके बारे में सोचना पड़ेगा। उनके लिए इन सैक्टर्स की तरफ ध्यान देना चाहिए। यह आपकी इकोनॉमिक सर्वे की रिपोर्ट में कहा गया है।

जो टैक्स प्रपोजल आए, उस पर आने से पहले मैं जॉब क्रिएशन के बारे में कुछ बातें और कहना चाहता हूं। केवल एक्सपोर्ट की बात नहीं है, इकोनॉमी में बाकी जो जॉब क्रिएशन हो रही है, जो डाटा आ रहा है, वह चिन्ता का विषय है। एक लेबर ब्यूरो की रिपोर्ट आई है। मैं मेघवाल साहब को कहना चाहता हूं कि लेबर ब्यूरो की रिपोर्ट बता रही है कि आपका जॉब ग्रोथ छ: साल में सबसे कम 2016 में रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार इंटरनैशनल लेबर आर्गनाइजेशन ने 2016 की बात नहीं बल्कि आगे की बात का आकलन भी किया है। उन्होंने आकलन किया है कि हिन्दुस्तान की अकेली इमर्जिंग इकोनॉमी ऐसी है कि 2017 और 2018 में हमारा अनइम्प्लॉयमैंट बढ़ेगा, हमारे देश में बेरोजगारी दो साल तक बढ़ेगी। आपकी आर्थिक नीतियों

की जो दिशा है, उसके बारे में आपको आकलन करना चाहिए। ऐसे बहुत से आंकड़े हैं। किसी भी देश की टैक्सेशन पॉलिसी का जो कर्तव्य होता है, उसमें अपने इकोनॉमिक पैरामीटर्स, जैसे जॉबलैस ग्रोथ हो रही है, को ऐड्रैस करना होता है। इसलिए हमने सोचा जब इकोनॉमिक सर्वे में चैप्टर आया, तो कॉरपोरेट टैक्स का जो कट किया जाएगा, उसके माध्यम से कुछ सैक्टर्स को विशेष तौर पर एक पैकेज दिया जाएगा, कुछ सैक्टर्स का ज्यादा कट किया जाएगा, जैसे मैंने कहा गारमैंट, फुटवियर सैक्टर है। हम ऐसे सोच रहे थे, लेकिन आपने क्या किया? आपने ऐक्रॉस दी बोर्ड जिनका 50 करोड़ रुपये से कम का टर्नओवर है, हमारी टोटल 96 प्रतिशत कम्पनियां इस श्रेणी में आती हैं, उनका 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया। यह सही पॉलिसी नहीं है। आपने गहराई से नहीं समझा। इसमें सभी कम्पनियां आ गईं। इसमें रियल ऐस्टेट कम्पनियां भी आ गईं। इसमें वे कम्पनियां आ गईं कि रियल ऐस्टेट के पांच आदमियों ने सौ करोड़ रुपये का प्रॉफिट दिखा दिया, 50 करोड़ रुपये का प्रॉफिट दिखा दिया, कुछ प्लॉट लिए, कुछ प्लॉट बेचे, उसमें केवल 5 या 10 आदमी बैठे हैं। आपने उनको भी वही राहत दे दी जो टैक्सटाइल सैक्टर, फुटवियर सैक्टर को दी है, ऐक्रॉस दी बैल्ट कम कर दिया गया। हम इस नीति से सहमत नहीं हैं। हम नहीं मानते कि आपने गहराई से आकलन किया।

मैं सिक्युरिटी सर्विसेज का उदाहरण देना चाहता हूं। सबसे ज्यादा अगर टैक्स रेट किसी पर है तो सिक्युरिटी सर्विसेज पर है, जहां हमारे बहुत से भूतपूर्व फौजी एक्स सर्विसमैन कार्यरत रहते हैं, इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी प्रोवाइड करते हैं। ग्रुप हाऊसिंग की सर्विस प्रोवाइड करते हैं, उनका टैक्स रेट 40 परसेंट है और रिअल स्टेट कंपनियां हैं, उनके लिए सेक्टर स्पेसिफिक इफेक्टिव टैक्स रेट है। आप इनके सेक्टर का आकलन करें, इसमें बहुत मिसमैच है। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि जिस तरह की दशा और दिशा आज अर्थव्यवस्था की है, जिसमें बेरोजगारी बढ़ने का अंदेशा विश्व की एजेंसियां आकलन कर रही हैं, उसको एड्रेस करने के लिए सेक्टर स्पेसिफिक ब्रेक दें, नहीं तो हम इसका मुकाबला नहीं कर पाएंगे। हम बांग्लादेश और वियतनाम का मुकाबला क्यों नहीं कर पा रहे हैं? ऐसा नहीं है कि उनके लेबर फोर्स की तनख्वाह ज्यादा है, वियतनाम का यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। वहां उनकी टैरिफ ड्यूटी बहुत कम है। बांग्लादेश लो-इनकम इकोनॉमी में आता है, उनकी भी टैरिफ ड्यूटी बहुत कम है। अगर आप कॉरपोरेट टैक्स रेट में बड़ी राहत देंगे, तभी हम आने वाले कल में अपने इन सेक्टर्स को बढ़ावा दे पाएंगे और नौजवानों को रोजगार की तरफ ले जाएंगे। टैक्सेशन पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण रोल होता है, वह गरीब और अमीर के अंतर को एड्रेस करने के लिए होता है। आज इनडाइरेक्ट टैक्स का पलड़ा भारी है, इनडाइरेक्ट टैक्स जिसे सभी को बराबरी से देना पड़ता है, अम्बानी से लेकर सबसे गरीब व्यक्ति तक सभी को देना पड़ता है, यह टैक्स सभी पर बराबर लगता है। पेट्रोल और डीजल के ऊपर कौन सा

टैक्स लगता है? अम्बानी अपनी गाड़ी में एक लीटर डीजल भराएंगे तो उनको भी उतना ही टैक्स देना पड़ेगा जितना सबसे गरीब किसान अपने ट्यूबवेल चलाने के लिए डीजल लेगा, उसको टैक्स होता है।

अध्यक्ष महोदया, दूसरी तरफ जो डाईरेक्ट टैक्स है, इनकम टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स है, ये इसे किस दिशा में लेकर गए? पिछले तीन साल से हमारे देश के डायरेक्ट-टैक्सेज में कमी आ रही है और इनडायरेक्ट टैक्सेज बढ़ रहे हैं। आर्थिक नीति की दिशा चिंताजनक है, इससे गरीब-अमीर का अंतर बढ़ेगा और बढ़ रहा है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान ऑक्सफेम की रिपोर्ट की तरफ आकृष्ट करता हूं, जिसमें यह बताया गया है कि हिन्दुस्तान में सबसे अमीर एक प्रतिशत लोग हैं जिनके पास देश की 58 प्रतिशत वेल्थ है। गरीब और अमीर का अंतर बढ़ रहा है। खास तौर से पिछले 25 सालों में जब लिब्रलाइजेशन शुरू हुआ। पहले हम सोशलिस्टिक आर्थिक नीतियों से प्रेरित थे, लिब्रलाइजेशन के बाद अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी, इसे आगे बढ़ना जरूरी था, रिफार्म होना चाहिए, लिब्रलाइजेशन होना चाहिए लेकिन उसके साथ-साथ गरीब-अमीर का भी अंतर बढ़ा। ये बहुत ही असानी से कहते हैं कि 70 सालों में यह अंतर बढ़ा, यह अंतर 25 सालों में बढ़ा है, इसे आपको समझना पड़ेगा। उन 25 सालों में 15 साल कांग्रेस की सरकार रही और 11 साल विपक्ष की सरकार रही। वर्ष 1991 से 9 साल भाजपा की सरकार रही है इसलिए आपकी भी जिम्मेदारी उतनी बनती है। हम आगे बढ़ रहे हैं लेकिन इस अंतर को और न बढ़ने दें, हमें इस दिशा में सोचने की जरूरत है।

अध्यक्ष महोदया, यह अंतर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। हम सोच रहे थे कि आप डाइरेक्ट टैक्सेज को बढ़ाएंगे और इनडाइरेक्ट टैक्सेज को प्रतिशतवाइज कम करेंगे। मैं आपको एक आंकड़ा देना चाहता हूं। आज हमारे देश में 33 प्रतिशत टैक्स डाईरेक्ट टैक्सेज के माध्यम से आता है, जो अमीर आदमी पर ज्यादा लगता है। करीब 67 प्रतिशत टैक्स इनडाईरेक्ट टैक्स से आता है, जैसे पेट्रोल, डीजल और जीएसटी लगते हैं, उसमें सभी शामिल है। जो इमर्जिंग(ओएसडीसी) कंट्रीज हैं, उसमें यह आंकड़ा बिल्कुल उलट है। जितने भी विकसित देश हैं, उसमें 70 प्रतिशत टैक्स डाइरेक्ट टैक्सेज से आता है जबकि हमारे देश में इसकी विपरीत परिस्थिति है। इसे आप बदलेंगे इसकी हम उम्मीद कर रहे थे, लेकिन इन्होंने क्या किया? इस बजट के टैक्सेशन प्रोपोजल में डाइरेक्ट टैक्सेज को कम करने का काम किया। 22,000 करोड़ रुपये की राहत डाइरेक्ट टैक्स, इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स को दी। सबसे रेट्रोगेट और रिग्रेसिव इनकरैक्ट डाइरेक्ट टैक्स है। वह पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर इनकम टैक्स को माना जाता है, वह सबसे कम है, बाकी जीएसटी है, वह मजबूरी है उसको ठीक भी माना जाता है। पेट्रोलियम पर जो टैक्स लगता है, वह सबसे ज्यादा रेट्रोगेट

और रिग्रेसिव माना जाता है, मैं उसके बारे में ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे समय में सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी एक रुपये 10 पैसे प्रति लीटर पेट्रोल पर और 1 रुपये 35 पैसे प्रति लीटर डीजल पर थी उसे आपने बढ़ाकर अभी 8 रुपये 95 पैसे पेट्रोल, 7 रुपये और 96 पैसे डीजल पर करने का काम किया है। इसका मतलब डायरेक्ट टैक्स कम कीजिए और देश की गरीब जनता, किसान, जिसे डीजल और पेट्रोल लेना है, उन्हें और अम्बानी जी, वे भी अपनी कार में यही डीजल और पेट्रोल डलवायेंगे, जितना आडवाणी और अदानी ...(व्यवधान) मैं क्षमा चाहता हूं। ...(व्यवधान) हमारे बहुत ही सम्मानित आडवाणी जी सदन में मौजूद हैं। ...(व्यवधान) उन्हें देखकर और भी बोलने की प्रेरणा हमेशा रहती है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ऐसा होता है।

...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : यह अंतर बहुत ज्यादा है। ...(व्यवधान) मेघवाल जी को मैं एक और आंकड़ा बताना चाहता हूं। जब वर्ष 2014 में आपकी सरकार बनी। ...(व्यवधान)

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Can they take the name of Shri Mukesh Bhai Ambani as he is not a Member of the House? So, it should either be deleted, or let the Government make him a Member.

HON. SPEAKER: He has taken his name as an industrialist, in general.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : हमें कोई एतराज नहीं है। ...(व्यवधान) वर्ष 2014 में जब आपकी सरकार आयी, आप मुझे यह गणित समझाइये। मेघवाल जी, मैं यह गणित समझना चाहता हूं कि वर्ष 2014 में आपकी सरकार आयी। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Actually, every Member knows that one should not take the name of a person who is not a Member of the House because that is the rule.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : They are institutions.

HON. SPEAKER: So many Members try to do that, every now and then.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं व्यक्तिगत रूप से किसी का नाम नहीं लेना चाह रहा था। जो सबसे अमीर हैं ...(व्यवधान) मेरे कहने का मतलब वह था। ...(व्यवधान)

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Madam, it is okay, let him continue.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं यह गणित आपसे समझने की कोशिश कर रहा था कि वर्ष 2014 में जब आपकी सरकार बनी, तब ऑयल का प्राइज 110 डालर प्रति बैरल था और डीजल का प्राइज 56 रुपये था। आज डीजल का प्राइज 59 रुपये, यानी तीन रुपये बढ़ गया और ऑयल का प्राइज 50 डालर प्रति बैरल हो

गया। अब 110 डालर प्रति बैरल से 50 डालर प्रति बैरल हो गया। इसकी वजह से आपको कितना फायदा हो रहा है। जैसे मैंने कहा कि यह डिसप्रोपोशनेटिली गरीब और किसान से ज्यादा ले रहे हैं। पिछले साल आपने 1 लाख 99 हजार करोड़ रुपये का रेवन्यू केवल पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स से लिया है। हमारी सरकार के समय में हम 1 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी देते थे, जबकि आपने 2 लाख करोड़ रुपये का रेवन्यू लेने का काम किया। मेरी मांग है कि आपने डायरेक्ट टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स, इनकम टैक्स किया। मेरी मांग है कि कम से कम डीजल और पेट्रोल पर आप हमारे बराबर ड्यूटी नहीं, तो कम से कम 5 रुपये कम करके दिखाइये, ताकि देश में एक संदेश जाये कि अगर हम कॉरपोरेट टैक्स कम कर सकते हैं, तो डीजल और पेट्रोल की ड्यूटी कम कर रहे हैं। हम सिर्फ 5 रुपये की मांग कर रहे हैं। आपको हमारी बराबरी करनी चाहिए थी, मगर हम 5 रुपये की ही मांग कर रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक-दूसरे की बराबरी मत कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं एक बात और रखना चाहता हूं। वित्त मंत्री जी ने एक बड़ी बात कही कि अन्प्रिसिडेन्टिड ग्रोथ इन टैक्सेशन, कलैक्शन ऑफ टैक्सेज। उन्होंने कहा कि जो नेट टैक्स रेवन्यू है, वह हमने वर्ष 2013-14 से वर्ष 2015-16 में 17 प्रतिशत बढ़ाया है। अन्प्रिसिडेन्टिड सीरियस ऐफर्ट बाय दी गवर्नमैंट। उसके अगले दो साल में हमने 17 प्रतिशत दोबारा बढ़ाया। आज तक ऐसा कभी एचीव नहीं हुआ। मैं ऑन दी रिकार्ड थोड़ा करैक्ट करना चाहूंगा। जब हमारी सरकार वर्ष 2004-05 में बनी थी, तो उसके अगले साल में हमने टैक्सेशन में 19.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। उससे अगले साल 20 प्रतिशत और वर्ष 2005 से लेकर 2007 तक 29.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। जो यह कह रहे हैं कि देश के इतिहास में 17 प्रतिशत टैक्स कलैक्शन इतना बढ़ा नहीं है, तो हम 30 प्रतिशत का आंकड़ा प्राप्त कर चुके हैं। यह कोई मेरा आंकड़ा नहीं है। आरबीआई और आप सब इस आंकड़े को जानते हैं, मगर उस आंकड़े के पीछे न छुपा जाये। टैक्स कलैक्शन जरूर बढ़ा है, मगर अब खतरे की घंटी है। कल के अखबार में एक खबर आयी है कि इस क्वार्टर का एडवांस टैक्स कलैक्शन, जो कह रहे थे कि डिमॉनेटाइजेशन का कोई असर नहीं हुआ, तो उसने भी रिकार्ड तोड़ा है। जैसे मैंने कहा कि बैंक का जो क्रेडिट ऑफ टेक है, वह 58 साल में सबसे कम आया है। जो एडवांस टैक्स, जो आपका मॉप-अप मार्च तक का है, वह केवल 6 प्रतिशत बढ़ा है। इन 15 सालों में सबसे कम बढ़ोतरी टैक्स कलैक्शन की हुई है, तो वह मार्च के क्वार्टर में हुई है। पिछले 15 सालों में सारे इकोनामिक क्राइसिस आ गये। आपने कहा कि अन्प्रिसिडेन्टिड टैक्स कलैक्शन है, प्रेसिडेन्ट

नहीं है, तो मैं उसे ऑन दी रिकार्ड करैक्ट कराना चाहूंगा। मगर उसके साथ-साथ जो है, वह अभी खतरे की घंटियां बज रही हैं। हम चाहते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो, तो आप उन बातों पर ध्यान दें।

अध्यक्ष महोदया, सरकार एक बहुत ही डेक्रोनियन मेजर इस फाइनेंस बिल के माध्यम से पूरे देश की जनता पर थोपने की तैयारी कर रही है। सर्च एंड सीज़र से जुड़ी हुई पावर इनकम टैक्स अथारिटीज को देने की बात आई है। इस तरह से टैक्स टेररिज्म अनलीश करने की तैयारी की जा रही है। मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 130 के सब-सेक्शन 1(ए) में कहा गया है कि कोई भी सर्च एंड सीज़र करने से पहले इनकम टैक्स ऑफिशियल्स को कारण बताना पड़ेगा। इसके लिए कोई रीज़न टू बिलीफ और रीज़न टू सस्पेक्ट होना चाहिए। बिना किसी रीज़न के किसी के घर में घुसकर सर्च एंड सीज़र की पावर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को हमारे देश के इतिहास में कभी नहीं रही और दुनिया के किसी अन्य विकसित या विकासशील देश में भी नहीं दी गयी। मगर अब यह सरकार इसमें एक अमेंडमेंट लेकर आई है, उसमें इस बात को डिलीट कर दिया गया है। उस अमेंडमेंट में कहा गया है कि इनकम टैक्स विभाग का कोई अधिकारी, बिना किसी कारण और वह कारण उस व्यक्ति को नहीं बताना है। पहले व्यवस्था थी कि वह कारण उस व्यक्ति को भी बताना था और कोर्ट को भी बताना था। वह व्यक्ति कोर्ट में भी जा सकता था, अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी जा सकता था, वहां वह कह सकता था कि बिना वजह मेरी हैरेसमेंट की गयी है और कोर्ट इनकम टैक्स अथॉरिटी से पूछती थी कि आप इसका कारण बताइए, क्या आपके पास कोई रीज़न था। There needed to be some objective material to apply the mind and come with a subjective decision. The power of making a subjective decision lied with the income tax officials. But there needed to be some objective material. अब कहा गया है कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। अब इसे पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। It effectively removes all fetters on the taxman and makes him completely unaccountable to any court or appellate tribunal to explain whether he possessed any credible information to conduct raid, search and seizure. This is wrong, this is against the tenets of natural justice and this does not exist anywhere in the world.

इतना ही नहीं, इसे आपने वर्ष 1962 से लागू कर दिया है। मैडम, आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि इसे वर्ष 1962 से, रिट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट से लागू किया गया है, जो आज तक पहले कभी सुना नहीं गया। इसका अर्थ है कि अगर वर्ष 1962 तक आपको किसी के इनकम टैक्स पर शक है कि किसी ने वर्ष 1965 में, 1970 में या 1975 में कोई गड़बड़ की थी तो उसे बताना भी नहीं है कि आपको उस पर शक है या नहीं, आप उसके घर के अन्दर जा सकते हैं, उसकी सर्च एंड सीज़र कर सकते हैं। इसमें कुछ

नेचुरल जस्टिस होना चाहिए। नेचुरल जस्टिस का अधिकार हमारे देश के हर नागरिक को मिलना चाहिए। हम अपने इनकम टैक्स ऑफिशियल्स के बारे में जानते हैं। आप किसी आम आदमी से पूछिए, वे बहुत दूध के धुले नहीं हैं। उनमें से बहुत से लोग इसका मिसयूज करेंगे, इस मिसयूज को रोकने के लिए ही यह कानून इतने वर्षों से चल रहा था। इस कानून पर आप ध्यान दीजिए।

अन्त में, मैं इनकम टैक्स पर आता हूं। इन्होंने इनकम टैक्स में कटौती की है। वैसे उम्मीद यह थी कि 5 लाख रुपये तक स्लैब बढ़ाया जाएगा, यह कहा भी गया था। डिमॉनेटाइजेशन के बाद जो हार्डशिप्स हुईं, लोगों की काफी उम्मीदें थीं। फिर भी, इन्होंने एक तर्क देकर पांच लाख रुपये से कम इनकम पर 50 प्रतिशत रिडक्शन करने का काम किया है। हमारी मांग है कि पांच लाख रुपये तक इनकम टैक्स स्लैब बढ़ाने का आपका जो वायदा था और लोगों की जो अपेक्षा भी थी, उसे आप पूरा करिए। इनकम टैक्स की बात करते हुए मैं कहूंगा कि 50 प्रतिशत लोग, जो किसान हैं, उनकी भी इनकम पर आएं। मैं उनकी इनकम की भी आपसे बात करना चाहता हूं। उन पर इनकम टैक्स नहीं लगता है, मगर आपका वायदा था कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करेंगे। आपकी सरकार बने हुए तीन साल हो गए हैं। हमारी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में लगातार गेहूं, बाजरा, धान आदि के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया गया। वीरेन्द्र सिंह जी बैठे हैं, ये किसान की बात करते हैं। अब किसान संगठन इनके हाथ में आया है। हमने प्रतिवर्ष औसतन 15 प्रतिशत की दर से, चाहे गेहूं हो, धान हो, उड़द हो, उनके समर्थन मूल्य में इजाफा किया था। आप स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करके, उससे ज्यादा बढ़ाने वाले थे, मगर प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाने की बजाय, पिछले तीन वर्षों में प्रति वर्ष औसतन चार प्रतिशत वृद्धि की है। फिर भी आप किसान की इनकम दोगुनी करने की बात करते हैं। इसलिए हमारी मांग है कि आप किसान की इनकम की तरफ भी ध्यान दीजिए, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू कीजिए। आप कह रहे हैं कि फार्म इनकम को डबल करेंगे। इसके अभाव में, आपने जो फार्म लोन वेवर का वायदा किया है, उसे पूरा कीजिए। डिमॉनेटाइजेशन के बाद एक उम्मीद जगी थी कि लोन वेवर देश में होगा। उत्तर प्रदेश चुनावों में इन्होंने वायदा किया है, वहां आपको प्रचण्ड बहुमत मिला है। हमारी शुभकामनाएं हैं, आप उत्तर प्रदेश में अच्छा शासन-प्रशासन दें, हम ऐसी उम्मीद करते हैं।

15.00 hours

मगर उस वादे को ये पूरा करेंगे क्योंकि उस वादे के बाद क्या हुआ, किसान लोन वेवर का वादा था और प्रधानमंत्री जी ने 31 दिसम्बर को कहा था कि केवल इंटरेस्ट लोन वेवर करेंगे। यदि किसी किसान ने 1000 रुपये का लोन लिया है, हमारे समय में हमने पूरा 1000 रुपये का लोन माफ किया था। इन्होंने इंटरेस्ट लोन वेवर किया है। केवल 6 रुपये माफ होंगे, लेकिन उससे काम नहीं चलेगा। इसलिए हमारी मांग है कि

किसान की इन्कम की तरफ भी ध्यान दिया जाए और फाइनेंस बिल से जुड़े हुए हमारे सारे सुझावों को माना जाए ताकि जो हमारी इकोनॉमी बहुत ही कम और धीमी गति से आगे बढ़ रही है, उसको तीव्र गति के साथ आगे बढ़ाने के साथ-साथ अर्थ-व्यवस्था में वृद्धि हो सके, रोजगार का भी संचार हो सके तथा दो करोड़ नौकरियों के अपने वादे को यह सरकार पूरा करे। धन्यवाद।

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदया, इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का आपने मुझे अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदया, मैं अर्थशास्त्र बहुत ज्यादा नहीं जानता। अर्थशास्त्री होने का दावा भी नहीं करता। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के एक नुमाइंदे, एक सांसद के रूप में जनता की जो भावनाएं हैं, फाइनेंस बिल में किस तरह के प्रावधान होने चाहिए, सरकार ने क्या काम किये हैं, उनको लेकर अपने नज़रिये से यहां पर अपनी बात रखना चाहता हूं।

इस सदन में बहुत सारे बड़े-बड़े अर्थशास्त्री दोनों तरफ मौजूद हैं। वे अपनी बात जब रखेंगे तो विस्तार से सभी बातें उसमें आएंगी। जिस देश में हम रहते हैं, कभी इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। प्रोफेसर अंगज मेडिसन ने एक पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ वर्ल्ड इकोनॉमिक्स' लिखी है और यहां जो लोग बैठे हैं, वे जानते हैं कि प्रोफैसर अंगज मेडिसन का नाम वर्ल्ड इकोनॉमिक्स में कितने सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने जो डेटा दिया है, वह पूरे विश्व में माना गया है क्योंकि वह डेटा जब देते हैं तो पूरे विश्व में उसकी मान्यता रही है। उन्होंने जो आंकड़े दिये थे, उसके अनुसार आज से लगभग 1000 साल पहले वर्ष 1000 में भारत 32 प्रतिशत से ज्यादा जी.डी.पी. के साथ विश्व व्यापार में सिरमौर था। भारत सबसे ऊपर दिखाई देता था। बाद में जो परिस्थितियां बनीं, वे सबके सामने हैं। देश में विदेशी आक्रांता आए और उसके बाद विश्व व्यापार में हमारा स्थान घटता चला गया। मुद्दा यह नहीं है कि वह जो स्थिति थी, आज क्यों नहीं है? मुद्दा यह है कि उस स्थिति को हम पुन: कैसे प्राप्त कर सकते हैं? कैसे हम फिर से विश्व व्यापार में सिरमौर हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए हमें एक बार फिर से पीछे की तरफ देखना होगा। अगर हमें वही स्थान प्राप्त करना है तो हमें हमारी ताकत और हमारी कमजोरियां, दोनों का ही विश्लेषण करना होगा। इसके लिए हमें अपनी ही बनाई हुई, अपने देश की नीतियों को आधार मानकर उसके अनुसार आगे बढ़ना पड़ेगा। यदि हम किसी और देश की नीतियों को तय करके अपनी आर्थिक नीति बनाते हैं तो परिणाम वही होने वाला है जो अभी तक होता आया है।

अभी-अभी बहुत विस्तार से हुड्डा जी ने अपनी बात रखी है। दुर्भाग्य यही है कि जब से बजट पर चर्चा हुई है, मैं ऐसा मानता हूं कि लगभग यही विषय चर्चा में आते रहे हैं। कभी आउट ऑफ बॉक्स हमने सोचा ही नहीं कि वास्तव में इस देश की आवश्यकताओं के अनुसार किस तरह से इस देश के बजट को किस तरफ लेकर जाना चाहिए। किस तरह से देश की आर्थिक नीतियों पर विचार करना चाहिए और इसीलिए हम किसी न किसी का अनुसरण करते रहे। 90 के दशक में जब हम वैश्वीकरण की तरफ बढ़े थे, तब कोई हमारी अपनी नीति हमारे सामने नहीं थी। उस समय हम अपने उत्पादनों को दरकिनार करते हुए

विदेशी कंपनियों की आवभगत में लगे रहे और हमने अपना कोई आर्थिक मॉडल बनाने की कोशिश भी नहीं की। 90 के दशक से पहले हम साम्यवादी मॉडल को अपना रहे थे, उसकी तरफ हम आगे बढ़ रहे थे। उसके बाद हम फिर से वैश्वीकरण की ओर आगे बढ़ गये, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यदि हमें एक बार फिर से पुरानी स्थिति पर वापस आना है तो हमें अपनी ही आर्थिक नीतियों पर विचार करना पड़ेगा। हमें अपनी ही आर्थिक नीतियों के बारे में सोचना पड़ेगा। मैं गर्व के साथ सदन में कह सकता हूं कि हमारा बजट इस मायने में ऐतिहासिक है, क्योंकि यह बजट पूर्णतः हमारी आर्थिक नीतियों पर आधारित बजट है, जो कि हमारी आर्थिक नीतियों पर बना है। हम कह सकते हैं कि यह पूर्णतः पैराडाइम शिफ्ट है और इन नीतियों पर चलते हुए बहुत जल्दी विश्व व्यापार में हम शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले हैं। हमारी सरकार ने फाइनेंस बिल के माध्यम से एक बार फिर से दुनिया और देश को बता दिया है कि हम वोट के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए काम करते हैं। दुर्भाग्य इस बात का है कि आजादी के बाद से आपने देश के आम आदमी को वोट के रूप में परिवर्तित कर दिया। आप वोट के पीछे दौड़ते रहे और जनता ने आपका साथ छोड़ दिया। आप अभी मुस्कुरा रहे हैं, लेकिन अभी-अभी जो परिणाम सामने आए हैं, वे इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जनता ने आपका साथ छोड़ा है।...(व्यवधान) सदन में प्रतीक के रूप में एक माननीय सदस्य चुनकर आए हैं, मैं उन्हें बधाई देता हूं।

महोदया, ऐसे कदम, जो देश की वित्तीय स्थिति को मजबूत कर सकते हैं, उन्हें उठाने के लिए भले ही आप हमारी सराहना न करें, लेकिन हमें विश्वास है कि आने वाले समय में देश में आने वाली पीढ़ियां इस बात के लिए सरकार के प्रति आभार जरूर प्रकट करेंगी कि अगर वे अपने आपको शीर्ष पर पा रहे हैं, तो उसके लिए माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार और उसकी नीतियां ही इसकी वजह है। इस बार के फाइनेंस बिल में कई बातें पहले की सरकारों से अलग हैं और फाइनेंस बिल ही नहीं बल्कि हमारी सरकार के जो भी वित्तीय कदम हैं, यदि उन पर नज़र डालेंगे तो हम देखेंगे कि हमने बेहतर किया है और देश ने हमारे हर निर्णय पर अपनी मुहर लगाई है। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि आज हम ऐसे नेतृत्व के साथ काम कर रहे हैं, जिसने आजादी के 70 सालों बाद पूरी ईमानदारी और संजीदगी से काम किया है। अगर पहले की सरकारों ने उस संजीदगी से काम किया होता, तो पूरी दुनिया में आज भारत की भूमिका अलग ही होती।

मैंने अभी-अभी हुड्डा जी की बात को बहुत गंभीरता से सुना है। मैंने पहले ही कहा है कि मैं अर्थशास्त्र पर बात नहीं करूंगा, मैं इस बात पर बात करूंगा कि देश का आम आदमी क्या सोचता है। अभी-अभी हमने जीएसटी के चार पूरक विधेयकों पर मुहर लगाई है। हमारी सरकार का सपना 'एक भारत, श्रेष्ठ

भारत' है। हमारा विविधताओं से भरा देश है और हमने अलग-अलग भाषाओं को, अलग-अलग संस्कृतियों तथा अलग-अलग संस्कारों को स्वीकार किया है। यदि हमें देश को विकास के रास्ते पर आगे लेकर जाना है, आर्थिक नीतियों को लेकर सिरमौर बनना है, तो टैक्स को लेकर यह स्थिति नहीं हो सकती, इसलिए हमें इसमें एकरूपता लानी होगी। इसी कारण हम जीएसटी लेकर आए हैं। आप यह काम पिछले 60-70 सालों में कर सकते थे, लेकिन आपने यह काम नहीं किया। यह बात जरूर है कि आपने शुरूआत की, लेकिन उसके बाद छोड़ दिया। जीएसटी पर सदन में विस्तार से चर्चा हो चुकी है, इसलिए मैं विस्तार में नहीं जाऊंगा। लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि जीएसटी के बाद देश को वास्तव में टैक्स के मकड़जाल से मुक्ति मिलने वाली है, जो देश के लिए आवश्यक है। इस कारण देश में टैक्स नेट भी बढ़ने वाला है। केंद्र का राजस्व भी बढ़ेगा और सर्वाधिक जिसकी बात होती है, राज्यों के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

महोदया, प्रधान मंत्री जी ने इसके लिए पहले ही आह्वान किया है, उन्होंने सदन के भीतर भी कहा है कि 'सबका साथ सबका विकास' और इसके लिए उन्होंने इस बात का भी आह्वान किया है कि हमें इन सबके लिए आपका साथ चाहिए। जब हम सबके साथ की बात करते हैं, तो उधर बैठे लोग भी इसमें शामिल हैं। हुड्डा जी अपनी बात कह रहे थे। मैं समझ सकता हूं कि कभी न कभी उनके मन में बात आती होगी कि आजादी के 70 साल बीतने के बाद जब उंगलियां आपकी ओर उठती हैं, तो आपको सोचना पड़ता होगा कि आपने भीषण गलतियां की हैं। आप बहुत सारे प्रावधानों और नियमों की बात कह रहे थे, वित्तीय ढांचे में सुधार की बात भी आप कह रहे थे। आजादी के 70 साल बीतने के बाद इलाहाबाद से मुजफ्फरपुर के बीच में नाव चलाने पर 12 आने से ज्यादा की चुंगी नहीं लगेगी, ब्रिटिश समय का यह कानून आप अभी तक चलाते आए, हमने इस कानून को खत्म किया। देश में 1100 से अधिक ऐसे कानून थे, जिनकी आवश्यकता नहीं थी, हमारी सरकार ने उनको समाप्त किया है। इसके बाद भी कांग्रेस के लोग यही मानते आये हैं कि राज चलाना सिर्फ आपको ही आता है और उसी के हिसाब से आपके सुझाव भी आते हैं। हम भी यह मानते हैं कि हम राज करना नहीं जानते हैं और राज करने के लिए हम आये भी नहीं हैं। श्री दीनदयाल उपाध्याय जी की स्वर्ण जयंती हम लोग मना रहे हैं, उन्होंने कहा था कि सत्ता हमारे लिए साधन नहीं है, साध्य है। यह साध्य है गरीबों की सेवा के लिए। मैं और ईधर बैठे सभी साथी इन्हीं संस्कारों की वटवृक्ष की राजनीति में पले-बढ़े हैं और यहाँ तक पहुँचे हैं। इसलिए हमारे प्रधानमंत्री जी ने भी कहा था कि वे देश की जनता के प्रधान सेवक हैं। हमें यह कहते हुए गर्व है कि वास्तव में हम राज करने के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए आये हैं। हम सेवक हैं इस देश की गरीब जनता के, हम सेवक हैं देश के

तमाम असहाय बुज़ुर्गों के, हम सेकव हैं आशा भरी निगाहों से देख रहीं देश की माताओं और बहनों के और हम सेवक हैं इस देश के उन करोड़ों किसानों के जो खेत में अपना खून-पसीना बहाते हैं।

अभी आप किसानों के बारे में बात कर रहे थे। हम गर्व के साथ खड़े होकर कह सकते हैं कि इस देश की 70 प्रतिशत आबादी किसानों की है, जिसे हम अपने अन्न दाता के रूप में देखते हैं। उस अन्न दाता ने सरकार की नीतियों के साथ कदमताल करते हुए जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा हो, वह कम है। इस बार रिकॉर्ड उत्पादन देश में हुआ है। आपने उसके लिए भी कई कारण बताये जैसे बारिश अच्छी हुई और भी कई चीजें आपने गिनायीं, लेकिन इसके साथ आप एक बात भूल गये कि यदि नीयत ठीक हो, तो नियति भी सहयोग करती है। इस सरकार की नीयत ठीक है, इसलिए नियति भी हमारा सहयोग कर रही है।

इस बार खाद्यान्न उत्पादन का जो अनुमान है, वह अपने आप में रिकॉर्ड है, जो 27.2 करोड़ टन है। चावल का उत्पादन 10.9 करोड़ टन है, गेहूँ का उत्पादन 9.7 करोड़ टन, मोटे अनाज का उत्पादन 4.43 करोड़ टन है। दाल, जो आपके समय में गरीबों की थाली से दूर हो गयी थी, का अनुमानित उत्पादन 2.2 करोड़ टन है।

बजट तो हमेशा आता रहा है। लेकिन इस बार हमने इसमें देश की 70 प्रतिशत आबादी को देखते हुए प्राथमिकता तय की। उसमें सबसे ऊपर कृषि क्षेत्र था और उसके बाद ग्रामीण विकास था। यह आप पहले भी कर सकते थे। हम यह नहीं कह रहे हैं कि जो हमने किया, वह पहले नहीं हो सकता था। लेकिन देश क्या चाहता है, इसको समझने की कोशिश आपने कभी नहीं की।

अभी-अभी आप किसानों के बारे में बात कर रहे थे। यह पहली बार होगा कि इस देश में किसानों को सबसे अधिक दाम मिले हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की बात आप कह रहे थे। इस बार देश की मण्डियों में चना लगभग आठ हजार रुपये से नौ हजार रुपये प्रति क्विंटल, मसूर छः हजार रुपये से सात हजार रुपये प्रति क्विंटल, मटर साढ़े चार हजार रुपये से पाँच हजार रुपये प्रति क्विंटल, उड़द छः हजार रुपये से सात हजार रुपये और गेहूँ 1650 रुपये से 1700 रुपये तक बिका है। यह अपने आप में एक रेकॉर्ड है। आजादी के बाद किसानों को कभी इतनी कीमत नहीं मिली। यदि ऐसा हुआ है, तो सिर्फ इसलिए कि इस देश में माननीय मोदी जी के नेतृत्व में देश में किसानों के लिए जिस तरह का वातावरण बनाया गया, यह उसका सुखद परिणाम है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। हमारे वित्त राज्य मंत्री द्वय- श्री मेघवाल जी और श्री गंगवार जी भी यहाँ पर बैठे हैं, मैं उनको भी धन्यवाद देना चाहूँगा। फाइनेंस बिल के प्रावधान यह बताते हैं कि यह सरकार देश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए कितनी गंभीर है। देश को विकास

के लिए पैसा चाहिए। गांवों को भी सड़कों से जोड़ना है, सिंचाई के साधन किसानों को उपलब्ध कराना है, खाद्य और उर्वरक भी चाहिए, खाना पकाने के लिए गैस और दवाइयाँ आदि भी देनी हैं। लेकिन अभी-अभी मैंने कहा कि यह सब कुछ उस निर्धारित ढर्रे पर चलकर नहीं किया जा सकता है, जिसकी बात अभी श्री हुड्डा जी कर रहे थे। हमें आउट ऑफ बॉक्स सोचकर कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। हमें कुछ साहसिक कदम लेने ही होंगे। ऐसे सभी साहसिक कदम इस बार लिए गए हैं।

महोदया, यदि हम चाहते हैं कि किसान की आय बढ़े, तो उसके लिए आवश्यक है कि हमें कृषि का रकबा बढ़ाना पड़ेगा। हमें सिंचाई की क्षमता भी बढ़ानी पड़ेगी। माननीय सदस्य अभी कह रहे थे कि हम हर बात इनकी सरकार के ऊपर डालते हैं। देश में कुल 14.2 करोड़ हैक्टेयर कृाि भूमि में से 65 प्रतिशत भूमि के लिए आज भी सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं हैं। आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद यह इस देश के किसान के लिए कोई आदर्श स्थिति है? ऐसा निश्चित रूप से नहीं है। मैं सदन को बताना चाहूँगा कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व में देश में पहली बार 2015-16 से लेकर 2019-20 तक के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इसके लिए किया गया है। सन् 2017-18 के लिए 7,375 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछली बार के बजट से 42 परसेंट अधिक है। आप अभी इन्कम टैक्स और टैक्स टैरिरिजम की बात कर रहे थे।

महोदया, वास्तव में आय कर इस देश के लोगों के भीतर डर पैदा करने का एक बड़ा कारण रहा है। प्रारंभ से ही आय कर को लेकर लोगों के भीतर एक भय रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि लोग इसके दायरे में आने से दूर रहने की कोशिश किया करते थे। आय कर की जटिलताओं को दूर करने के बारे में कभी पहले की सरकारों ने सोचा ही नहीं। आय कर को बार-बार एक ही कसौटी पर परखा जाता रहा है कि आय कर की छूट में हमने कितनी वृद्धि की, जिसके बारे में आपने यहाँ बात की है। आप 65 सालों में 5 लाख तक नहीं पहुँचे और आप हमसे यह उम्मीद करते हैं कि हम दो सालों में 5 लाख तक की छूट मिलनी चाहिए। आज हम यह कह सकते हैं कि माननीय वित्त मंत्री जी के नेतृत्व में हमने इन जटिलताओं को दूर करने की कोशिश की है। हमने यह कोशिश की है कि आज इनकम टैक्स देश में डर का कारण न रहे, बल्कि एक जिम्मेदारी का अहसास बने कि वास्तव में आय कर इस देश के विकास के लिए कितना आवश्यक है।

महोदया, इसमें वर्षों से जो पेंडेंसी चली आ रही थी, हमने उसे दूर करने के लिए भी एक मेकेन्जिम बनाने का काम किया है। हम ई-सब्मिशन को प्राथमिकता दे रहे हैं और उसके साथ-साथ हमने ई-रिफंड भी प्रारंभ किया है, ताकि घर बैठे ही लोगों को ई-रिफंड मिल सके। वर्षों से लोग रिफंड के लिए

परेशान हुआ करते थे। ई-रिफंड से लोगों को उस परेशानी से मुक्ति मिलेगी और साथ ही हम भ्रष्टाचार को भी रोक सकेंगे।

महोदया, मैं फाइनेंस बिल में अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए की गई हमारी कोशिशों के बारे में भी बताना चाहूँगा। सदन में यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि देश में पिछले सालों में रियल इस्टेट की क्या हालत रही है। हम यह नहीं कहते कि पहले की सरकारों ने इस मामले में कुछ नहीं किया क्योंकि हम अगर कुछ कहेंगे तो आपको फिर से बुरा लगेगा। मैं आदर्श सोसायटी और लवासा मामले पर बोलना नहीं चाहता हूँ। हमारी सरकार ने फाइनेंस बिल में इस बात का प्रावधान भी किया। हमने इसमें निवेश के लिए इंसैंटिव्स दिए हैं, जिससे रियल इस्टेट के क्षेत्र में तेजी आए। बड़े शहरों में गरीबों को मकान उपलब्ध कराने के लिए हमने अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए भी प्रावधान किए हैं, जिससे शहरों में गरीबों को छत मिल सके। आप जानते हैं कि शहरी क्षेत्रों में गरीबों के लिए मकान एक सपने जैसी चीज बनती जा रही थी। ये सारे प्रावधान हमने इसमें किए हैं।

महोदया, हम प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना लेकर आए हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने लक्ष्य रखा है कि 2022 तक देश के शहरों में 2 करोड़ घर बनाएंगे। इसके 95 प्रतिशत लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर हमारे भाई-बहन होंगे। हम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना लेकर आए हैं। इसके तहत हमने अगले तीन सालों में एक करोड़ घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इसके बारे में विचार करना होता है। जब इस तरह के घर बनते हैं, तो लोग इन घरों में जाना नहीं चाहते हैं। उन्हें लगता है कि इन घरों में उनके लिए पर्याप्त स्थान नहीं होता है। हमने उसमें भी सुधार किया है और घर के आकार को 20 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 25 वर्ग मीटर किया है। हमने उसकी सहायता राशि भी बढ़ाकर 1,20,000 रुपये की है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इसका लाभ मिल सके।

महोदया, हम यहाँ पर ही नहीं रूके। मैं फाइनेंस बिल पर फिर वापस आता हूँ। हमने ऐसे वित्तीय कदम उठाने का साहस किया है, जो वास्तव में इस देश के विकास की नींव रख सकें। मैं कैपिटल गेन की बात करना चाहूँगा। यहाँ बैठे हुए अर्थशास्त्री भली-भांति इस बात को जानते हैं कि देश में वित्तीय सुधारों के लिए कैपिटल गेन का क्या महत्व है। लेकिन आपकी पिछली सरकारों ने केपिटल गेन की गणना के लिए जो बेस ईयर था, वह वर्ष 1981 रखा। स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह तक बेस ईयर वर्ष 1981 रहा। आर्थिक सुधारों के लिए समय के साथ-साथ इसको भी बदलना होता है, इस पर आपने कुछ नहीं किया। लेकिन हमारी सरकार यह कर रही है और अब वर्ष 1981 के बदले वर्ष 2001 को बेस ईयर बनाने पर हम विचार कर रहे हैं, क्योंकि अगर देश को हमें विकास की तरफ लेकर जाना है तो हमें यह कदम उठाने ही होंगे। अभी आपने अर्थव्यवस्था की बात की थी, कुछ रिपोर्ट्स की बात की थी। आज

भारत दुनिया में तेजी से विकास कर रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वर्ल्ड इनवैस्टर रिपोर्ट में भारत दुनिया की टॉप थ्री होस्ट इकोनमी आंका गया है। मात्र दो साल में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोर्म के ग्लोबल कॉम्पीटीटिव इंडेक्स में भारत सीधे 32 स्थान ऊपर पहुंच गया है, जो आपके समय में कभी नहीं हो सका।

महोदया, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आजादी के 70 साल बाद भी हम इस सदन में उन परम्पराओं को नहीं बदल सके थे जो अंग्रेजों द्वारा बनायी गयी थीं और न ही कभी हमने उस बारे में विचार किया। हमने कभी इस बारे में भी विचार नहीं किया कि बजट आखिर अंग्रेजों की सुविधानुसार क्यों चले? लेकिन इसके बारे में भी अटल जी की सरकार के समय में पहल हुई। उस समय सदन में पांच बजे बजट प्रस्तुत होता था। शाम को पांच बजे इसलिए प्रस्तुत होता था क्योंकि इंग्लैंड में उस समय दिन के 11 बजे होते थे। लेकिन अटल जी ने कहा कि हम यह परम्परा नहीं चलाएंगे और इस देश की परम्परा के अनुसार देश का बजट रखेंगे। उस परम्परा को बदला गया और बजट प्रस्तुत करने का समय हमने सुबह 11 बजे का किया। आम बजट को प्रस्तुत करने को लेकर जो परम्परा थी,यह नुकसान होता था कि बजट मार्च में प्रस्तुत होता था और सारी औपचारिकताएं पूरी करते-करते और राज्यों तक पैसा पहुंचते-पहुंचते जून का महीना आ जाता था। वह बारिश का समय होता था। इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास के लिए गांवों तक पैसा पहुंचने में अक्टूबर तक का समय लग जाता था। वित्त वर्ष के अंतिम महीनों में किसी प्रकार से पैसे का उपयोग हो, इस पर काम होता था, जिस कारण से पैसे का दुरुपयोग होता था। इसके बारे में भी कभी किसी ने विचार नहीं किया कि इस बारे में परिवर्तन करना चाहिए। हम देश के प्रधानमंत्री जी के और माननीय वित्त मंत्री जी के आभारी हैं, जिन्होंने इस पर विचार किया और एक महीने पूर्व ही बजट को प्रस्तुत किया। हम आज गर्व के साथ कह सकते हैं कि अप्रैल के महीने से ही इस देश का बजट राज्यों तक और नीचे गांवों तक पहुंचाने की स्थिति में हम आ जाएंगे। हमारे इन उठाए गए कदमों से देश की जनता को सीधे तौर पर फायदा हो रहा है।

अभी माननीय सदस्य ने डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट टैक्सिस की बात कही। इस वित्त वर्ष में फरवरी महीने तक सरकार ने 6.17 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स के माध्यम से जुटाए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 10.7 परसेंट ज्यादा है। चालू वित्त वर्ा के 11 महीने में सरकार ने 7.7 लाख करोड़ रुपये इनडायरेक्ट टैक्स के माध्यम से जुटाए हैं और यह पिछले फाइनैंशियल ईयर के मुकाबले 22 परसेंट ज्यादा है। इसका मतलब यह है कि डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट टैक्सिस से इस सरकार को 13.9 लाख करोड़ रुपये का रेवेन्यू प्राप्त हुआ है, जो कि एक रिकार्ड है। हमारी सरकार में केन्द्र से राज्यों को जो पैसा जाता है, वह पैसा भी बढ़ा है। पिछले साल में यह पैसा 9.9 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 10.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

महोदया, इस फाइनैंस बिल के माध्यम से हमने देश की विकास दर को बढ़ाने की कोशिश की है। माननीय सदस्य अभी डीमॉनेटाइजेशन के बारे में कह रहे थे। डीमॉनीटाइजेशन जब हुआ, हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की इच्छाशक्ति थी। हमारे विपक्ष के साथियों ने काफी शोर मचाया था कि इसके कारण बहुत नुकसान होगा, देश का गरीब आदमी हम से दूर होगा, सरकार से दूर होगा और सरकार को रेवेन्यू में नुकसान होगा। लेकिन अभी जो आंकड़े आए हैं, उस पर आपने अपनी बात रखी थी। मैं आपके माध्यम से सदन को जानकारी देना चाहता हूं कि केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (सी.एस.ओ.) के जो आंकड़े सामने आए हैं, उसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि नोटबंदी के दौरान भी देश की जी.डी.पी. 7 परसैन्ट से नीची नहीं गई है। आप कहते थे कि देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी, लेकिन विकास दर 7 प्रतिशत पर ही रुकी रही है। आप कहेंगे कि शायद सी.एस.ओ. सरकारी संस्था है, लेकिन मूडीज सरकारी संस्था नहीं है, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तो हमारी संस्था नहीं है। मूडीज की रिपोर्ट यह कहती है कि भारत सरकार में मोदी जी के नेतृत्व में जो फैसले लिए गए हैं, उसका दीर्घकालीन असर भारत की अर्थव्यवस्था पर होने वाला है, क्योंकि ज्यादा लोग टैक्स के दायरे में आने वाले हैं, जिससे बैंक ज्यादा से ज्यादा कर्ज दे सकेंगे और मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हम यह मानते हैं कि नोटबंदी के चलते टैक्स चोरी और **भ्रष्टाचार** पर रोक लगेगी और इससे भारत का वित्तीय संस्थागत ढांचा मजबूत होगा। इसके अलावा यह भारतीय वित्तीय प्रणाली को भी बेहतर करेगा, क्योंकि इससे आर्थिक और मौद्रिक गतिविधियां बेहतर ढांचे में आ सकेंगी, इससे कर दायरा विस्तृत होगा। जिससे वित्तीय संस्थाओं का उपयोग बढ़ेगा। यह मूडीज की रिपोर्ट कह रही है, यह हमारी रिपोर्ट नहीं है। **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** की रिपोर्ट पर भी आपने पहले काफी शोर किया था। उस रिपोर्ट में भी भारत की जी.डी.पी. 6.6 फीसदी रहने का अनुमान बताया है। आने वाले साल के लिए यह रिपोर्ट कह रही है कि भारत की जी.डी.पी. 7.2 परसैन्ट रहने वाली है। उसने भारत के वित्तीय सुधारों की प्रशंसा भी की है। उसमें यह कहा गया है कि नोटबंदी का अल्पकालीन असर होगा और विकास की गाड़ी जल्दी ही बाउन्स बैक करेगी, मैं फिर से कहना चहता हूं कि नोटबंदी का अल्पकालीन असर होगा और विकास की गाड़ी जल्दी ही बाउन्स बैक करेगी और आने वाले कुछ ही समय में 8 फीसदी से ज्यादा भारत की विकास दर होगी। इससे गैरकानूनी वित्तीय प्रवाह पर भी रोक लगेगी और करेंसी एक्सचेंज के चलते बहुत से काले धब्बे भी सामने आएंगे। यह आई.एम.एफ. की रिपोर्ट कह रही है। इसके प्रावधानों मे डिजिटल इकोनॉमी भी है।

महोदया, आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि देश में लम्बे समय से काले धन पर और भ्रष्टाचार पर बातें होती रही हैं, लेकिन उनको रोकने के लिए क्या किया गया है। उनको रोकने की दिशा में

पहली बार अगर सार्थक कदम उठा है, तो वह माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्तमान एन.डी.ए. की सरकार ने उठाया है और इसके लिए यह तय किया है कि डिजिटल इकोनॉमी की तरफ देश को आगे लेकर हमें जाना होगा। इससे जो फायदे होने वाले हैं उनमें यह है कि आम आदमी के जीवन को तो सरल बनाएगा ही, साथ ही सरकारी काम में पादर्शिता और कार्यकुशलता भी आएगी। जो बिंदु माने गए हैं कि डिजिटल इकोनॉमी के जो फायदे होंगे, उसके कारण देश के डिजिटलाइजेशन में बहुत तेजी आएगी। बैंको के पास विकास के लिए अधिक पैसा होगा, जिसकी आज सर्वाधिक आवश्यकता है। आधुनिक बैंकिंग और टैक्स व्यवस्था का आधुनिकीकरण हो जाएगा। इसके साथ-साथ कार्य प्रक्रिया में सुधार होगा, क्राइम, लूटमार, चोरी जैसी समय-समय पर होने वाली वारदातों से निजात मिलेगी। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण भी, हम सभी जानते हैं कि जब हम नोटों को छापने की बात करते हैं तो उसके लिए पेड़ों की भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई होती है। कैशलेस अर्थव्यवस्था से पर्यावरण को भी लाभ होगा, बिचौलियों का खात्मा होगा, हम घर बैठे वित्तीय प्रबंधन कर सकेंगे, ई-कॉमर्स को बढ़ावा मिलेगा, डिजिटल भुगतान परोक्ष रूप से नोटों और उसके परिवहन में होने वाले व्यय को कम करने में भी सहायक होगा, इसके कारण अधिक पारदर्शिता आएगी और सबसे बड़ी बात यह कि नकली और जाली नोटों के चलन को रोकने में हम काफी हद तक कामयाब होंगे। इस दिशा में जो एक महत्वपूर्ण कदम माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने उठाया है, वह है 'भीम ऐप'। नेशनल पेमेंट कमीशन ऑफ इण्डिया ने जानकारी दी है कि भीम ऐप की शुरूआत होने के बाद से देश में एक करोड़ इक्क्यानवे लाख लोग भीम ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। हमारी सरकार ने देश को डिजिटल इण्डिया की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बीस करोड़ रूपे कार्ड जारी किए हैं, 26 करोड़ लोगों को जनधन खाते के माध्यम से बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है।

महोदया, मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि केनया एक छोटा सा देश है। अफ्रीकन कंट्री है, हम सभी उसके बारे में जानते हैं। उसने भी अपने यहां डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए एम-पैसा के नाम से एप शुरू किया है। उसके प्रारम्भ करने के बाद में न सिर्फ उसकी जी.डी.पी. बढ़ी, बल्कि टैक्स कलक्शन भी बढ़ा। जब कीनिया जैसा छोटा देश इस दिशा में आगे बढ़कर विकास के रास्ते पर आगे जा सकता है तो भारत जैसा बड़ा देश इस दिशा में क्यों नहीं जा सकता।

महोदया, देश में पोस्ट ऑफिस हमने नहीं खुलवाये। देश में पोस्ट ऑफिस पहले से ही खुले हैं। लगभग एक लाख पचास हजार पोस्ट ऑफिसेज देश में हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आपकी सरकारें उन पोस्ट ऑफिसों तक नहीं पहुंच सकीं कि किस तरह से हम उनका सदुपयोग कर सकते हैं। आज धीरे-धीरे ऐसी

स्थिति आने लगी थी और ऐसा लगता था कि पोस्ट आफिस हमारे लिए उपयोगी ही नहीं हैं। लेकिन हमारी सरकार ने इंडियन पोस्टल पेमेन्ट बैंक शुरू कर दिया है। यह कांसैप्ट इसके पहले किसी भी सरकार के ध्यान में नहीं आया। इसे हम लेकर आए हैं, जिसका लाभ इस देश की आम जनता को होने वाला है। इसका एक और प्रावधान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। यदि हम देश को विकास के रास्ते पर आगे लेकर जाना चाहते हैं, विदेशी निवेश को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो देश के भीतर व्यावसायिक क्षेत्र में जिस रिफॉर्म की बात हम करते हैं, उसके लिए परमिट,

15.31 hours (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

लाइसेंस जैसी कठिनाइयों को हमें कम करना ही होगा। जो मल्टीपल पेपर वर्क है, इन्हें खत्म करना होगा और इसके लिए दस मापदंड निर्धारित किये गये हैं, जिनमें इलैक्ट्रिसिटी कनैक्शंस हैं, कांट्रैक्ट का पालन है, बिजनेस शुरू करना है, प्रोपर्टी का रजिस्ट्रेशन है, कंस्ट्रक्शन परमिट है, क्रेडिट कार्ड मुहैया कराना है, माइनोरिटीज इनवैस्टर्स के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ और भी अनेक विाय हैं। वर्तमान में वर्ल्ड बैंक की जो ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूची है, उसमें भारत 134वें स्थान पर था, पिछले दिनों जो कदम हमारे देश में उठाये गये, उसके बाद वह 130वें स्थान पर आ गया है। लेकिन हमें गर्व है कि प्रधान मंत्री जी ने एक बड़ी सोच के साथ इसे टॉप 50 में ले जाने का निर्णय लिया है और इसीलिए हम बार-बार इस बात को कहते हैं कि इस सरकार के द्वारा आर्थिक प्रावधानों के लिए जो साहसिक कदम उठाये गये हैं, पहले की सरकारों ने कभी उनके बारे में विचार ही नहीं किया।

पिछले 70 सालों में वित्तीय ढांचे में जो गड़बड़ियां आई थीं, उन्हें दूर करने के लिए जनता का सहयोग किस तरह से लेना है, इस पर भी कभी विचार नहीं किया गया। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता को विश्वास में लेकर उस पर अमल कराना, यह भी सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए और यह हमने किया। इस देश में 2 लाख 53 हजार से अधिक चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स हैं। हमारी सरकार ने काले धन के खिलाफ होने वाली इस लड़ाई में उनको विश्वास में लिया और साथ में चेताया भी है। हमारी सरकार उस जड़ तक भी गई कि एंटी-एब्यूज के तहत ऐसे लोगों को हमने चेतावनियां भी दीं और हालात अब बदलने लगे हैं। जो चार्टर्ड एकाउन्टेंट पहले टैक्स बचाने की सलाह दिया करते थे, अब देश में स्थिति बदली है। माननीय मोदी जी का नेतृत्व देश में आने के बाद अब वही चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स लोगों को टैक्स भरने की सलाह दे रहे हैं, यह वास्तव में इस देश में अपने आप में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन है।

इस देश के युवाओं के लिए भी हमारी सरकार हर हाथ को हुनरमंद बनाने के संकल्प को भी लेकर आगे बढ़ रही है और इसके लिए हमारे प्रधानमंत्री जी कौशल विकास योजना लेकर आए, जिसमें हमने 12

हजार करोड़ रुपये का बजट रखा था। चार साल में हमारा लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को हुनरमंद बनाना है और हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि बीस लाख युवाओं को इसका लाभ भी मिल चुका है।

उपाध्यक्ष महोदय, जब हम टैक्स प्रावधानों की बात करते हैं और उनके सदुपयोग की बात करते हैं तो देश की 70 परसैन्ट आबादी यानी इस देश का कृषि क्षेत्र, किसान और ग्रामीण क्षेत्र को हम नहीं छोड़ सकते। हम इस बात को नहीं भूल सकते कि इस देश में प्राकृतिक आपदाओं और किसानों का चोली-दामन का साथ रहा है। देश में जब भी प्राकृतिक आपदाएं आती थीं, उसके बाद किसान खून के आंसू रोता था, अधिकारियों और सरकारों के चक्कर लगाता था, ताकि उसे कम से कम उसकी लागत या उसके आसपास का मूल्य भी मिल जाए तो अगली बार वह फिर से खेती के लिए सक्षम हो सके। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि इस देश के अन्नदाता को हम केवल प्रकृति के भरोसे नहीं छोड़ सकते और इसीलिए हमने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की।

महोदय, अभी तक तीन करोड़ 66 लाख किसान भाइयों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया है। इससे अपने ही किसान भाइयों को जो नुकसान प्राकृतिक आपदाओं से हुआ है, उसके लिए एक लाख 40 हज़ार करोड़ रूपये की बीमा राशि भी हमने उनको वितरित की है। मैं उस तरफ के लोगों से कहना चाहता हूँ कि जब हम प्राकृतिक आपदाओं की बात करते हैं तो देश में होने वाले घाटालों की अनदेखी नहीं कर सकते हैं। उन घोटालों में देश की जनता का जितना पैसा गया, अगर वह किसानों के हित में खर्च हुआ होता तो शायद आज देश की और देश के किसानों की स्थिति कुछ और खर्च होती। यदि आप कोशिश करते तो हमारी तरह किसान भाइयों को नाबार्ड के लिए 41 हज़ार करोड़ रूपये पहले ही दे चुके होते, जो हमने अभी दिए हैं ताकि किसान भाइयों को आसानी से कर्ज मिल सके। अभी किसान भाइयों के लिए हमारे और भी प्रयास जारी हैं।

प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना की बात अभी मैंने रखी है। उसमें सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उनकी भी जानकारी दी है। "सॉयल हैल्थ कार्ड स्कीम " आप भी ला सकते थे। इस देश में इस बारे में कभी विचार नहीं हुआ है कि जो पैसा टैक्स से आता है, हम उससे देश के किसानों के लिए प्रावधान तो करते हैं। किसान अपने खेत में मेहनत भी करता है, लेकिन कभी इसके बारे में कभी विचार नहीं हुआ है कि लगातार रासायनिक खादों के इस्तेमाल से खेत पर किस तरह का, खेत की मिट्टी पर और उसकी उर्वरकता पर किस तरह का विपरीत असर पड़ा है। लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस पर विचार किया और हमारी सरकार सॉयल हैल्थ कार्ड स्कीम लेकर आई, जिसके माध्यम से सन् 2018 तक प्रत्येक किसान के हाथों में सॉयल हैल्थ कार्ड होगा और वह किसान खुद तय कर सकेगा कि उसको आने

वाले समय में किस तरह की खाद की आवश्यकता है और कौन सी फसल लगाना उसके लिए लाभदायक होगा।

महोदय, केवल सॉयल हैल्थ कार्ड ही नहीं, यूरिया के बारे में भी कल बजट में चर्चा हुई थी। हमारे अनुराग जी जब बोल रहे थे, तब विस्तार से इसकी जानकारी उन्होंने दी थी। लेकिन यूरिया भी किसानों को ठीक से उपलब्ध हो सके, ये कोशिशें भी आपकी सरकारें नहीं कर सकीं। नीम कोटिड यूरिया के माध्यम से हमने किसानों को उनका अधिकार दिया है।

महोदय, हम फाइनेंस बिल के माध्यम से एक बेहतर टैक्स सिस्टम लाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि हमें देश के 18 हज़ार गांव तक बिजली पहुंचानी है और उनमें से 11 हजार गांवों तक बिजली पहुंचा भी चुके हैं।

महोदय, 70 साल में जो काम आपकी सरकारें नहीं कर पाई हैं, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के माध्यम से हमारी सरकर ने कर दिया है। आज ऐसे 13 हज़ार गांवों तक हम बिजली पहुंचा भी चुके हैं। केवल बिजली ही नहीं पहुंचाई है, बल्कि उजाला योजना के माध्यम से जो 20 करोड़ एलईडी बल्ब हमने दिए हैं, उसका असर भी सीधे देश के विकास पर है। इसके माध्यम से देश की गरीब जनता के ग्यारह हज़ार करोड़ रूपये की बिल में जो कटौती हुई है, ये हमारी सरकार की वित्तीय कोशिशें हैं।

महोदय, जब हम फाइनेंस बिल के माध्यम से बेहतर वित्तीय ढांचे की बात करते हैं तो देश की नारी शक्ति की सुविधाओं की अनदेखी हम नहीं कर सकते हैं। वास्तव में इस देश में हमें यह कहते हुए गर्व है कि गरीब से गरीब घर की माता-बहनें भी इस बात का प्रयास करती हैं कि परिवार के लागों को समय पर भोजन उपलब्ध हो। भीषण गर्मी के समय भी तपती हुई धूप और गर्मी जब होती है, चूल्हे की आग के सामने बैठ कर वे खुद को तपाती हैं। उस चूल्हे से निकलने वाले धुएं का प्रदूषण भी झेलती हैं। लेकिन परिवार को समय पर भोजन मिले यह प्रयास करती हैं। पहले की सरकारों ने कभी हमारी उस माँ-बहन की चिंता नहीं की। लेकिन हमारी सरकार ने उस माँ बहन की चिंता की है। और उज्जवला योजना के माध्यम से तय किया कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली देश में ऐसी 5 करोड़ माताओं बहनों को हम गैस के कनेक्शन देंगे और हमें यह कहते हुए गर्व है कि हमने इसके लिए तीन साल का लक्ष्य रखा था, लेकिन केवल दस महीने में दो करोड़ गैस कनैक्शन हम दे भी चुके हैं।

एक विषय, जिस पर पर चर्चा करना मैं ऐसा मानता हूँ कि जब हम फाइनेंस बिल पर बात करते हैं, तो उसमें एक बड़ा हिस्सा देश की जनता के सवास्थ्य पर भी खर्च होता है। पिछले दिनों जीवनशैली के चलते देश में हृदय रोग तेजी के साथ बढ़े हैं। सभापति महोदय, इस बात की चिंता देश की सरकारों ने कभी नहीं की थी कि एक गरीब आदमी का जब बायपास होता है या उसको स्टेंट लगते हैं तो किस कीमत पर

उसको मिलते हैं। अलग-अलग राज्यों में उसको लेकर प्रावधान हैं। वहाँ की सरकारें इसके लिए सहायता भी उपलब्ध कराती हैं, लेकिन वह पर्याप्त नहीं होती है। वह स्टेन्ट जो दो लाख चालीस हजार रुपये या दो लाख पचास हजार रुपये में लोगों को मिला करता था, माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह तय कर दिया कि अब वह स्टेन्ट मात्र 35 हजार रुपये में इस देश के गरीब आदमी को उपलब्ध कराया जायेगा। हम जन औषधि केन्द्र भी खोल रहे हैं ताकि इस के गरीब से गरीब आदमी को भी सस्ती दवाइयाँ मिल सकें, जिस पर उसका अधिकार है।

महोदय, मैंने पहले ही कहा था कि मैं केवल उन्हीं विषयों पर बात करूँगा, जिनमें एक आम आदमी की हैसियत से मैं विचार करता हूँ या मैं सोचता हूँ। टैक्स ढाँचे के बारे में बाकी सारी बातें यहाँ आयेंगी, लेकिन हमारी कोशिश यही है कि इस देश का किसान, गरीब, युवा, माँ-बहनें ये सब एक-साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। जब तक ये आगे बढ़ें, तब तक हमारी यह कोशिश जारी रहेगी। हम तब तक कोशिश करते रहेंगे, जब तक इस देश के हर गाँव में हम बिजली नहीं पहुँचा देते। हम तब तक कोशिश करते रहेंगे, जब तक इस देश के हर किसान को फसल बीमा योजना का लाभ नहीं दे देते। हम तब तक कोशिश करते रहेंगे, जब तक इस देश की हर माँ-बहन को हम एलपीजी गैस की सुविधा नहीं दे देते और हम तब तक कोशिश करते रहेंगे, जब तक इस देश के हर युवा को कौशल विकास में हम हुनरमंद न बना दें। इसके लिए जो भी साहसिक कदम हैं, उन्हें उठाने से कभी हम पीछे नहीं हटेंगे। अभी आपने बात की थी कि देश में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। पिछले दो सालों में आई.टी. और इलेक्ट्रॉनिक विभाग के प्रयास से 72 नई मोबाइल फैक्ट्रियाँ देश में प्रारम्भ हुई हैं। देश के भीतर 11 करोड़ मोबाइल बने हैं और लगभग दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसमें नौकरी मिली है। आज हमें यह कहते हुए गर्व है कि भारत इलेक्ट्रॉनिक उद्योग का मैन्युफैक्चरिंग का एक बड़ा केन्द्र बनने जा रहा है और यह सब कुछ अगर हो रहा है तो सिर्फ इसलिए कि इस देश के प्रधान मंत्री और इस देश के वित्त मंत्री आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोच रहे हैं। उस बने बनाये ढर्रे पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि ऐसे साहसिक कदम उठा रहे हैं, जिससे यह देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़े। इसी के साथ आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI M. CHANDRAKASI (CHIDAMBARAM): Hon. Deputy-Speaker, Sir, first of all, I would like to express my hearty gratitude and indebtedness to our beloved immortal leader, Puratchi Thalaivi Amma, before I speak in this august House on the discussion on the Finance Bill, 2017.

Sir, the Union Budget for 2017-18 has been presented at a very crucial moment especially after demonetisation. This Budget represents a significant forward movement from the previous Budgets presented by the Finance Minister.

Sir, as far as Education Cess for assessment year 2017-18 is concerned, additional surcharge shall continue to be levied at the rate of two per cent and one per cent respectively, on the amount of tax computed, inclusive of surcharge, in all cases. My request to the hon. Minister is that the Education Cess collected through various States should be given back to the concerned States for the development of education and educational infrastructure in those States.

Sir, in India, the elderly persons do not have much scope for getting income through employment in their old age. They depend on the monetary savings or pension and other retirement benefits. Most of the elderly persons in the country have family commitments but their savings or retirement benefits are limited. Therefore it will be a great boon if the Government reduce tax rates for the elderly people in the country. The rates of income-tax need a fine tuning as far as the people over 60 years are concerned. I therefore quest the hon. Minister to make it flat income tax rate of 10 per cent be made for persons above 60 years. This will protect the interests of the elderly persons and enable them to lead a dignified live.

Sir, in order to promote development of affordable housing sector, it is proposed to amend Section 1BA so as to provide relaxations. We welcome it. At the same time, there is a need to protect and

promote affordable housing and real estate sector in Tier II and Tier III cities in the country, particularly in Tamil Nadu. Apart from the four metros, there are more than 100 Tier II and Tier III cities in India which need no restriction of sizes of residential units.

For promoting Digital Economy, restricting of cash donations is welcome. Under the existing provisions of Section 80G, deduction is not allowed in respect of donation made of any sum exceeding Rs. 10,000, if the same is not paid by any mode other than cash. In order to provide cashless economy and transparency, it is proposed to amend Section 80G so as to provide that no deduction shall be allowed under Section 80G in respect of donation of any sum exceeding Rs. 2,000 unless such sum is paid by any mode other than cash. This will be a landmark decision as it will create a genuinely transparent society in future. This will also avoid unlawful siphoning and abuse of monies of trusts by people with vested interests.

Tamil Nadu is concerned about the impact the proposed GST will have on the fiscal autonomy of States and the huge permanent revenue loss it is likely to cause to a manufacturing and net exporting State like Tamil Nadu. In essence, the GST's effect on the entire Indian economy will have to be scrutinized in totality to reach a widely accepted conclusion. Until then manufacturing States like Tamil Nadu should be adequately compensated and their losses for accepting and implementing GST should be repaid then and there till the moment of break even is reached.

Sir, the 14th Finance Commission recommended a substantial enhancement in the share of the States in the Divisible Pool of Central Taxes from 32 per cent to 42 per cent. While we welcomed this increase in tax devolution from the Centre to the States, Tamil Nadu was singled out for the sharpest reduction in its share in the Divisible Pool of Taxes. The unbalanced formula adopted by the 14th Finance Commission treated Tamil Nadu most adversely.

The reduction in the inter-se share of Tamil Nadu of 1914 per cent represents the biggest loss in share amongst all States. Tamil Nadu was doubly penalized for its prudent fiscal management as it has not received revenue deficit grants.

The very large drop in Tamil Nadu's share in the Divisible Pool is barely compensated. The 14th Finance Commission has also not recommended any special purpose grants and State specific grants. The loss to Tamil Nadu due to the reduction in its share in the Divisible Pool and the discontinuance of special purpose and State specific grants is estimated at Rs. 6,000 crore per annum.

In the last two Union Budgets, many new cesses and surcharges have been levied which reduces the shareable pool of Central Tax receipts and thereby the devolution to States. Many schemes have been de-linked from Central Assistance including Normal Central Assistance Backward Regions Grant Fund, Hill Areas Development Programme and Western Ghats Development Programme. The State's share for many key programmes has been increased to, at least, 40 per cent.

The State being required to take on the burden of additional expenditure of the Central Government priorities, is an unfair expectation, and detracts from the State's own expenditure priorities. In order to redress the large financial loss that Tamil Nadu had suffered as a consequence of the recommendations of the 14th Finance Commission, the hon. Puratchi Thalaivi Amma had requested a sizeable allocation to Tamil Nadu out of the special allocation made in the Budget for schemes to be approved by the NITI Aayog.

Puratchi Thalaivi Amma had requested the Government to enhance the Annual Special Grant to Tamil Nadu to Rs. 2,000 crore in each of the remaining four years of the 14th Finance Commission award period up to 2019-20.

The Government of Tamil Nadu have a ready shelf of large projects that could be funded out of this special allocation including the Comprehensive Special Package for Diversification of Fisheries, Desalination Projects and several infrastructure projects under the Puratchi Thalaivi Amma's vision Tamil Nadu 2023.

With these words, I conclude. Thank you.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I rise to speak on the Finance Bill on behalf of my party, the All India Trinamool Congress.

This Finance Bill, when it was presented on 1st February, 2017, had 150 Clauses and seven Schedules. But strangely enough, the Finance Minister, in his series of amendments received today, added 33 new Clauses and two Schedules. This is unprecedented; and we have already protested. The Ruling party has done this after the UP victory. They think, they can ride roughshod over all rules, conventions and procedures. Otherwise, I do not understand why in a Finance Bill, which is supposed to detail the taxation proposals of the Government, they have brought in the abolition or uniformisation of the tribunals, which have no relation to taxation proposals directly.

I may read names of some of the tribunals – Copyright Board, Railway Rates Tribunal, National Highways Tribunal, Cyber Appellate Tribunal, Competition Appellate Tribunal. This has no relation with taxation proposals, but still the Finance Minister has forcibly, riding roughshod over Article 110 of the Constitution and the traditions of the House, done all this.

Now, as we know that the taxation proposals mainly relate to different taxes that we have in this country. They are the Corporation Tax, Income Tax, Customs, Excise Duty and Service Tax. Now, if you see the Budget of this year, 19 per cent of the income of the Government comes form the Corporation Tax; 16 per cent comes from the Income Tax; 9 per cent comes from Customs; 14 per cent comes from Excise Duty and 10 per cent comes from Service Tax. That means, Direct Taxes are 35 per cent; Indirect Taxes are 33 per cent. Now, in a properly running economy, Direct Taxes should be much more than Indirect Taxes because Indirect Taxes are basically inflationary. In this Budget, we find that both these taxes are roughly equal.

You also know, Sir, that there is the Lafayette Curve in economics, which says: 'the higher the taxation rate, the lower the collection.'There has been no significant effort to lower the taxation rates so that collections could be improved. It is true that collection from tax revenue has been increasing. It was Rs. 14,55,648 crore in 2015-16; it was Rs. 16,30,000 crore in 2016-17; and this year's Budget is Rs. 19,11579 crore. I shall later tell the House as to why the chances of the Government achieving this tax collection is unlikely.

The whole budget has been formulated in the backdrop of two important steps. One is the reckless demonetisation ordered by the Government on November 8th and the other is the shadow of the GST. Before I go into how the basic theory has affected the taxation and the economy of the country, let me state some of the proposals. In case of Income Tax, the rate has been reduced for those having income between Rs. 2.5 lakh to Rs. 5 lakh, from 10 per cent to five per cent. The other increase is with regard to people having income between Rs. 50 lakh to Rs. 1 crore, the tax has been increased to 10 per cent. Those who are having income over Rs. 1 crore, the tax is 15 per cent. Now, the Government is giving up Rs. 15,000 crore as far as the Income Tax is concerned and it is gaining Rs. 2,700 crore by taxing the bracket between Rs. 50 lakh and Rs. 1 crore.

The other important step taken by the Government is with regard to the Corporate Tax. For companies having turnover up to Rs. 50 crore, the tax has been reduced to 25 per cent. The Government claims that 96 per cent of the companies belong to this category. So, due to this, the total tax given up is Rs. 7,200 crore. The total outgo of the Government or the total reduction in taxes comes to Rs. 20,000 crore. There are, otherwise, no major changes in the tax rates in the Budget.

I can quickly read some of the points of the Budget. The minimum alternate tax credit is allowed to be carried forward to 15 years instead of 10 years at present. Reduction – this is a good step – in the basic Customs Duty from 5 per cent to 2.5 per cent on liquefied natural gas, which is normally imported. The

other thing is that the longstanding demand of startups has been accepted and the profit-linked deduction exemption available to them for three years out of five years is being changed to three years out of seven years. For carry forward of losses in startups, the condition of 51 per cent of voting rights has been relaxed provided original promoter continues.

16.00 hours

As I told you, the small Income Tax payers will get a benefit of Rs. 12,500. The next tax concession that the Government has given is with regard to building. For affordable housing, the area should be 30 to 60 square metres and that area should be the carpet area and not the built up area for tax concession.

Thirty square metres in four metro cities and completion period of housing extended from three to five years. Now, the other thing is that there is tax relief or partial withdrawal from the National Pension System. Tax relief or partial withdrawal up to 25 per cent of the contribution by subscribers and permitted self-employed individuals, deduction upto 20 per cent of his total income for contribution to NPS, is a welcome step in the sense that those who are saving through the National Pension System will get this benefit.

Another good step is that the Chief Minister's Relief Fund is exempt from taxes. The other important step with regard to housing is Joint Development Agreement. Liability to pay capital gains tax will arise in the year the project is completed. Tax on notional rental income to be calculated only after one year from the end of the year the completion is received. For stimulating growth, concessional withholding of tax of five per cent for interest received by foreign entities on loans given in India to be continued for another three years beyond 30.06.2017. They have also extended the provisions of Section 115 of BBDA of Income Tax Act which provides for levy of tax on dividend income exceeding Rs. 10 lakh to all resident persons, association of persons and body of individuals excepting domestic companies, trusts or institution. This is another way the Government can earn corporate tax.

Lastly, with the scope of Section 56 of IT Act provides that any money immovable property specified, moveable property received in part consideration or with inadequate consideration by any person subject to certain exemption and exceptions shall be taxable if value exceeds Rs. 50,000. So, I briefly stated the different proposals the Government has given and now they have given a long list of concessions on Customs Duty. Some concessions relate to proposals involving change in Customs Duty for incentivising value addition 'Make in India'; reduction in Custom Duty on LNG, terephthalic acid, nickel, finished leather, capital goods and renewable energy and changes in Customs and Excise Duty to address the problem of duty inversions.

Chemical, petro-chemicals, textiles, metals, automobiles and renewable energy have been given this benefit. Changes in Custom Duty proposed to provide for domestic industry, cashew nuts and electronic hardware will be protected because the import duty has been raised. Import duty has been reduced and made nil for card readers, micro-ATMs, fingerprint reader and parts and components. Manufacture of card readers has been made nil.

Sir, every year, the Government taxes cigarettes, and this year also, they have increased the taxes on cigars, cigarillos, *beedis*, etc, from 1st April. The prices have already risen. The Government has increased tax on cigarettes and pan-masala additionally. But we give this price to the Government gladly because the Government has no money and we give this to the Government.

So, I have stated the different IT provisions excise and service tax provisions. But from this year, you know, the GST is coming in force from 1st July, 2017. Both Excise Duty and service tax will be subsumed within the GST. Now, the Government has formed this Budget with the expectation that the GST would give rise to better collection. The Government has increased the money for infrastructure, etc. Now, where will the money come from? The funding of such expenditure seems to be left to the mercy of implementation of the GST which is likely to bring in more taxes to the Centre and States as also transfer of resources

from tax evaders to the Government through demonetisation. However, evidence from cross country studies—this is important—has pointed to the contractionary effects of GST in the short-term, particularly in the year of imposition. Thus, the tax revenue will be reduced.

